वर्ष : 33 ▸ अंक : 288 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शुक्रवार, 3 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P8 मेट्रो और ई-बस योजना के विकास में आएगी तेजी

P7 भारत को हर हाल में जीतना होगा सिडनी टेस्ट

# किसानों को फडणवीस सरकार का तोहफा

## राज्य सरकार किसानों को 4 हजार 849 एकड़ जमीन करेगी वापस



963 किसानों को मिलेगा लाभ

अमित बृज । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए किसानों को 4,849 एकड़ भूमि वापस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह जानकारी गुरुवार को मंत्री समूह की बैठक में दी। इससे राज्य के 963 किसानों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि करीब 40 साल पहले, तत्कालीन सरकार ने किसानों की 4,949 एकड़ भूमि सरकार के नाम पर हस्तांतरित कर दी थी क्योंकि किसानों ने लगान नहीं भरा था। हालांकि, यह भूमि अब भी किसानों के पास है और वे उसी पर खेती कर रहे हैं, लेकिन भूमि का स्वामित्व उनके पास नहीं था। अब सरकार ने निर्णय लिया है कि इस भूमि को किसानों को वापस कर दिया जाएगा।

### आधार जैसी विशिष्ट आईडी बनाने का निर्णय

मुख्यमंत्री ने बैठक में यह भी कहा कि प्रत्येक बुनियादी ढांचा परियोजना के लिए एक विशिष्ट आईडी बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसे एक मसौदे के रूप में तैयार किया जाएगा। चार वरिष्ठ अधिकारियों की एक कमेटी बनाई गई है, जो इस मसौदे पर विचार करेगी।

### लोगों के मंत्रालय आने की आवश्यकता को कम किया जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रालय में आने वालों का 70% काम जिला स्तर पर ही होता है। इसलिए अब मंत्रालय में आने की बजाय, जिलास्तर पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, मंत्रालय में प्रवेश के लिए फेस आईडी तकनीक का उपयोग करने का निर्णय लिया गया है।

### मंत्री समूह बैठक को डिजीटल करने की दिशा में कदम

इसके अलावा, मंत्री समूह बैठक को डिजीटल बनाने का भी निर्णय लिया गया है, ताकि यह प्रक्रिया और भी पारदर्शी और सुविधाजनक हो सके। हालांकि, यह निर्णय तब तक लागू नहीं होगा जब तक सभी मंत्री इस प्रक्रिया के लिए तैयार नहीं हो जाते।

### भूमि का वर्तमान मूल्य का 25% भुगतान आवश्यक

इस प्रक्रिया के तहत किसानों को भूमि के वर्तमान मूल्य का 25% भुगतान करना होगा, और इसके बाद वे उस भूमि के पूर्ण मालिक बन जाएंगे।



### प्रवीण दरेकर पर मेहरबानी

#### सरकारी कर्मचारियों के मुंबई डिस्ट्रिक्ट बैंक में खुलेंगे खाते


महाराष्ट्र सरकार ने गुरुवार को भाजपा नेता प्रवीण दरेकर द्वारा नियंत्रित मुंबई जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में सरकारी कर्मचारियों के वेतन और भत्ते के वितरण के लिए अकाउंट खोलने को मंजूरी दे दी। एमडीसीसी बैंक के अध्यक्ष दारेकेर, जिसे मुंबई बैंक के रूप में भी जाना जाता है, राज्य विधान परिषद के सदस्य हैं और उन्हें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का करीबी माना जाता है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। सरकार ने राज्य द्वारा संचालित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) को अपनी जमा राशि जमा करने के लिए एमडीसीसी बैंक का उपयोग करने की भी अनुमति दी।

# महाराष्ट्र में प्रशासनिक फेरबदल

## 12 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला

धीरज सिंह । मुंबई

राज्य सरकार ने एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल किया है। महाराष्ट्र के सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरुवार को राज्य के 12 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस बदलाव में कुछ प्रमुख अधिकारियों के पदों में बदलाव किए गए हैं:





**डॉ. हर्षदीप कांबले**

उद्योग विभाग के प्रधान सचिव पद से बेस्ट के महाप्रबंधक पद पर स्थानांतरित किए गए वरिष्ठ चार्टर्ड अधिकारी डॉ. कांबले को अब सामाजिक न्याय विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। यह उनका एक सप्ताह में दूसरा तबादला है।

**सुहास दिवासे**

लोकसभा चुनाव से पहले पुणे के कलेक्टर बने सुहास दिवासे को महज ग्यारह महीने में तबादला कर जमाबंदी आयुक्त एवं निदेशक भूमि अभिलेख पुणे के रिक्त पद पर नियुक्त किया गया है।

**जितेंद्र डूडी**

सतारा कलेक्टर जितेंद्र डूडी को पुणे कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

**जयश्री भोज**

महाराष्ट्र सूचना प्रौद्योगिकी निगम की प्रबंध निदेशक जयश्री भोज को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव के रूप में मंत्रालय में स्थानांतरित किया गया है।

**विनीता सिंगल**

श्रम विभाग की प्रमुख सचिव विनीता सिंगल को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रमुख सचिव के रूप में स्थानांतरित किया गया है।

**वेणुगोपाल रेड्डी**

राजस्व और वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव वेणुगोपाल रेड्डी को उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में स्थानांतरित किया गया है।

**आई. कुन्दन**

स्कूल शिक्षा एवं खेल विभाग के प्रमुख सचिव आई. कुन्दन को उद्योग एवं ऊर्जा विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है।

**एच. एस. सोनावणे**

पुणे में खेल और युवा सेवा विभाग का आयुक्त एच. एस. सोनावणे को नियुक्त किया गया है।

**संतोष पाटिल**

पुणे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष पाटिल को सातारा का कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

**डॉ. निपुण विनायक**

मुंबई में रूसा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. निपुण विनायक को जन स्वास्थ्य विभाग के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

**विकास चंद्र रस्तोगी**

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव, विकास चंद्र रस्तोगी को कृषि एवं पदुम विभाग के प्रधान सचिव के रूप में स्थानांतरित किया गया है।

**मिलिंद म्हैसकर**

लोक स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मिलिंद म्हैसकर को मंत्रालय में राजस्व एवं वन विभाग का अपर मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है।

# विजिट के वक्त फूल-माला और बुके लाने पर रोक

- गार्ड ऑफ ऑनर भी होगा बंद
- सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दिया आदेश



दीपक पवार । मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय की ओर सेएक सर्कुलर जारी कर राज्य के सभी कलेक्टर, एसपी, कमिश्नर और विकास अधिकारियों के साथ आला अधिकारियों को आदेश दिया है कि जब भी मुख्यमंत्री के रूप में उनका दौरा हो, उस दौरान कोई हार, माला, बुके, फूल, गुलदस्ता लेकर नहीं आएगा। साथ ही पुलिस द्वारा सीएम को दिये जानेवाले गार्ड ऑफ ऑनर की परंपरा भी बंद की जाए। सीएम ने आदेश दिया है कि गार्ड ऑफ ऑनर और फूल माला की परंपरा बंद की जाए।

मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से दो जनवरी को इस बाबत आदेश जारी किया गया है। इस आदेश की प्रति सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षक और पुलिस आयुक्तों को भेजा गया है। मुख्यमंत्री सचिवालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खड़गे द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र सभी जिला कलेक्टरों, पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि किसी भी अधिकारी को गुलदस्ता नहीं मिलना चाहिए। यह आदेश दिया गया है कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान पुलिस द्वारा दी जाने वाली पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर को रोक दिया जाना चाहिए। आदेश का विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाना चाहिए।" बता दें कि फडणवीस के पास गृह विभाग का प्रभार भी है।

# 'लाडली बहना योजना के तहत पात्र महिलाओं को लाभ सुनिश्चित करें सरकार'

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को दिया निर्देश

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह संशोधित लाडली बहना योजना के तहत पात्र महिलाओं को लाभ सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए। अदालत ने यह निर्देश सामाजिक संस्था प्रमेय वेलफेयर फाउंडेशन की दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। योजना का उद्देश्य महाराष्ट्र में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ के समक्ष यह याचिका सुनवाई के लिए आई थी। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि राज्य सरकार ने पहले लाडली बहना योजना के तहत आवेदनों पर विचार करने के लिए 11 एजेंसियों को नियुक्त किया था, लेकिन अब सरकार ने केवल आंगनवाड़ी केंद्रों को ही आवेदनों को संशोधित करने का अधिकार दे दिया है। इसके साथ ही, उन्होंने योजना के संशोधन को लेकर चिंता व्यक्त की, क्योंकि अब वित्तीय सहायता 1500 रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये प्रति माह कर दी गई है, और इस बदलाव के कारण पात्र महिलाओं तक योजना का लाभ नहीं पहुँच पा रहा है।

### सरकारी वकील का हलफनामा

इस दौरान, सरकारी वकील ने कहा कि योजना के तहत आवेदनों में कमी आई है, और इसी कारण सरकार ने केवल आंगनवाड़ी केंद्रों को आवेदनों पर विचार करने का अधिकार दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि योजना के संशोधन के तहत पर्याप्त कदम उठाए गए हैं ताकि पात्र महिलाएं लाभ प्राप्त कर सकें। पीठ ने सरकारी हलफनामे पर गौर करते हुए कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए कि सभी पात्र महिलाएं संशोधित योजना के तहत लाभ प्राप्त कर सकें। इसके बाद, अदालत ने याचिका का निपटारा कर दिया।

# अजित गुट से खफा भुजबल

## शरद पवार के साथ एक मंच पर दिखेंगे

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के दल- NCP के कद्दावर नेता और कथित तौर पर मंत्री न बनाए जाने से असंतुष्ट छगन भुजबल उनके चाचा शरद पवार के साथ मंच साझा कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को पुणे में एक समारोह के दौरान भुजबल पवार के साथ दिख सकते हैं। खबरों के मुताबिक भुजबल इसलिए खफा हैं क्योंकि राज्य की सियासत में उनके कद की अनदेखी की गई और देवेंद्र फडणवीस की सरकार में उन्हें कोई मंत्री पद नहीं मिला। खबरों के मुताबिक असंतुष्ट नेता छगन भुजबल सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर पुणे में एक समारोह में एनसीपी (सपा) प्रमुख शरद पवार के साथ मंच साझा करेंगे। बीते 15 दिसंबर को फडणवीस के शपथ ग्रहण के बाद भुजबल ने अजित पवार पर निशाना साधा था। उन्होंने मंत्रिमंडल में शामिल न किए जाने पर कहा था कि फडणवीस एनसीपी कोटे से उन्हें अपने मंत्रिमंडल में रखना चाहते थे, इसके बावजूद उन्हें कोई पद नहीं मिला।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने थपथपाई महाराष्ट्र सरकार की पीठ

- गढ़चिरोली में 11 नक्सलियों के आत्मसमर्पण पर की तारीफ

एजेंसी । नई दिल्ली



बुधवार को महाराष्ट्र में गढ़चिरोली जिले में 11 नक्सलवादियों ने आत्मसमर्पण किया था, इस बात पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र सरकार की प्रशंसा कर बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्य के दूरदराज और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार के प्रयासों की सराहना की। यह घटना महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में पुलिस के सामने 1 करोड़ रुपये से अधिक के इनामी 11 नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद हुई है। पीएम मोदी ने स्थानीय लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह घटना निश्चित रूप से 'जीवन की सुगमता' को बढ़ावा देगी और क्षेत्र में और भी अधिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## कौन बनेगा महाराष्ट्र भाजपा का मुखिया?

# प्रदेश अध्यक्ष की रेस में खींचतान

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत महायुति की सरकार बन गई है, और भाजपा ने राज्य में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की जोड़ी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चंद्रशेखर बावनकुले के मंत्री बनने के बाद, प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर सवाल उठने लगे हैं। भाजपा की 'एक व्यक्ति, एक पद' नीति के अनुसार, बावनकुले को प्रदेश अध्यक्ष पद से विदाई लेनी पड़ेगी, लेकिन उनकी जगह कौन लेंगे, इसे लेकर खींचतान जारी है।

### दो बड़े नेताओं का नाम सबसे आगे



### रवींद्र चव्हाण : सबसे प्रबल दावेदार

डोंबिवली के विधायक रवींद्र चव्हाण को मंत्रीमंडल में जगह नहीं मिलने के बाद उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने की संभावना बढ़ गई है। हालांकि, पार्टी के चुनाव प्रभारी बनाए जाने के बाद उनकी अध्यक्ष बनने की संभावना कम मानी जाती है।

### संजय कुटे का नाम भी चर्चा में

पूर्व मंत्री डॉ. संजय कुटे का नाम भी अध्यक्ष पद के लिए चर्चा में है। वह जलगांव की जमोद सीट से विधायक चुने गए हैं, और उनकी भी संगठन में अहम भूमिका निभाने की संभावना है।

### बावनकुले को मिलेगा एक्सटेंशन?

चर्चाएं हैं कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तरह चंद्रशेखर बावनकुले को तीन महीने का एक्सटेंशन दिया जा सकता है, और मार्च या अप्रैल में होने वाले निकाय चुनाव के बाद नए अध्यक्ष का ऐलान किया जा सकता है।

# सेहत से खिलवाड़

## 96 फीसदी के खाने की गुणवत्ता निकली खराब

## नए साल में 63 होटलों की जांच

मुनीब चौरसिया । मुंबई

महानगर में स्थित होटलों, क्लबों, रेस्टोरेंट्स और कैंटीन की खाद्य गुणवत्ता की जांच में भारी खामियां सामने आई हैं। राज्य के अन्न व औषधि प्रशासन (एफडीए) द्वारा की गई जांच में 63 होटलों के खाद्य पदार्थों का 96 फीसदी से अधिक हिस्सा सेवन योग्य नहीं पाया गया। जांच के दौरान कुछ होटलों की कैंटीन में गंदगी मिली, तो कुछ में काम करने वाले कर्मचारियों का हेल्थ सर्टिफिकेट भी नहीं था। इन नियमों की अनदेखी करने वाले होटलों को एफडीए ने नोटिस जारी किए हैं।



### एक्सपायर बीयर भी जब्त

इस जांच में एफडीए ने कुल 78 खाद्य नमूने जांच के लिए भेजे थे, जिनमें से कुछ खराब पाए गए। एक प्रतिष्ठान से 21,600 रुपये कीमत की एक्सपायर बीयर भी जब्त की गई है।

### पाई गईं खामियां

- साफ-सफाई में कमी: किचन गंदा था, कचरे के डिब्बे खुले पाए गए।
- कर्मचारियों के हाथों में ग्लव्स और सिर पर कैप नहीं था।
- शेफ ने एप्रन नहीं पहना था।
- निम्न स्तर के मसाले पाए गए।
- स्टाफ के पास मेडिकल चेक और फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं था।



### लाइसेंस निलंबित

इसमें एक प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित किया गया, जबकि एक अन्य पर 30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। एफडीए ने यह जांच नववर्ष के स्वागत से पहले 5 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच की थी। इस दौरान 63 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से 61 में खामियां पाई गईं। इसके बाद, इन होटलों को नोटिस देकर सुधार करने का निर्देश दिया गया है।

### एफएसएसएआई के मानकों के आधार पर जांच

एफडीए के मुताबिक, फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) द्वारा तय किए गए मानकों के आधार पर होटलों का निरीक्षण किया गया। अधिकतर होटलों ने इन मानकों का पालन नहीं किया, जिसके चलते नोटिस जारी किए गए और कुछ होटलों पर दंड भी लगाया गया।

# 39 बिल्डरों को कारण बताओ नोटिस जारी

**वायु प्रदूषण नियंत्रण नियमों का उल्लंघन करने का आरोप**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे महानगरपालिका (मनपा) ने वायु प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन न करने पर 39 बिल्डरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मनपा के नियमों के तहत, 297 विकासकों को वायु प्रदूषण नियंत्रण दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया था, जिनमें से 39 बिल्डरों ने नियमों का उल्लंघन किया। मनपा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इन बिल्डरों ने तुरंत नियमों का पालन नहीं किया, तो उनके कार्य को रोकने का आदेश जारी किया जाएगा। इसके अलावा, 31 विकासकों ने नियमों का पालन किया है, लेकिन कुछ त्रुटियों के कारण 151 विकासकों पर चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।



### नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई:

मनपा के अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी ने निर्देश दिए हैं कि जिन बिल्डरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, यदि वे तुरंत नियमों का पालन नहीं करते, तो उनके काम को तत्काल रोकने के आदेश जारी किए जाएंगे।

### वायु प्रदूषण नियंत्रण के उपाय:

मनपा ने वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए विभिन्न उपाय किए हैं। अब तक, मनपा ने 170,000 रुपये का जुर्माना वसूला है और ठाणे में 50 स्थानों पर वायु प्रदूषण मापने के उपकरण लगाए हैं।

# पानसरे हत्या की जांच निगरानी समाप्त

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2015 में हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के नेता गोविंद पानसरे की हत्या की जांच की अब और निगरानी करने की आवश्यकता नहीं समझी। अदालत ने कोल्हापुर सेशन कोर्ट में चल रहे मुकदमे को दिन-प्रतिदिन आगे बढ़ाने का भी आदेश दिया। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति कमल खाता की पीठ ने गुरुवार को इस फैसले को सुनाया, जिसमें कहा गया कि दो आरोपी अभी भी फरार हैं, लेकिन उनकी गिरफ्तारी के बाद अदालत की लगातार दखलअंदाजी उचित नहीं है। अदालत ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट द्वारा मामले की निरंतर निगरानी की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने निर्देश दिया कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले की जानकारी कोल्हापुर की निचली अदालत को सौंपी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### वायु प्रदूषण को लेकर कोर्ट ने जिला अधिकारी को लगाई फटकार

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुरुवार को कोल्हापुर के जिला अधिकारी को वायु प्रदूषण के मामले में कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि वायु प्रदूषण से ग्रामीण जूझ रहे हैं, जबकि अधिकारियों द्वारा केवल पत्राचार किया जा रहा है, और यह स्थिति चिंता का विषय है। अदालत ने कड़ा सवाल उठाया कि रिहायशी इलाके से 500 मीटर के भीतर पत्थर तोड़ने के प्लांट को किस आधार पर अनुमति दी गई, जबकि पर्यावरणीय नियमों के अनुसार ऐसा होना चाहिए ही नहीं। यह मामला कडावे गांव के 92 परिवारों से जुड़ा है, जो कोल्हापुर के शाहुवाडी तहसील में स्थित है। याचिकाकर्ता, पूर्व सरपंच संजय महिपति लाले के अनुसार, गांव के 27 मीटर की दूरी पर पत्थर तोड़ने का प्लांट स्थापित किया गया है, जो वायु प्रदूषण फैलाकर ग्रामीणों को सांस लेने में कठिनाई उत्पन्न कर रहा है। कई लोग सांस की बीमारियों से ग्रस्त हो गए हैं। याचिका में दावा किया गया है कि पर्यावरण नियमों के अनुसार रिहायशी इलाके से 500 मीटर के भीतर किसी भी वायु प्रदूषण फैलाने वाले प्लांट को अनुमति नहीं दी जा सकती, लेकिन यहां यह नियम उल्लंघन हुआ है।

### विधानसभा वाले सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर निकाय चुनाव लड़ेगा महायुति गठबंधन

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों और राज्य में सरकार के गठन के बाद महायुति गठबंधन ने अपना ध्यान आगामी स्थानीय निकाय चुनावों पर केंद्रित कर दिया है। महायुति की सहयोगी पार्टी शिवसेना ने बताया कि स्थानीय निकाय चुनावों के लिए सीट-बंटवारे का फॉर्मूला लोकसभा और विधानसभा चुनावों जैसा ही होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीटों का आवंटन उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर होना चाहिए। एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना शिवसेना पुणे के प्रमुख नाना भंगिरे ने बताया कि उन्होंने पहले ही चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। पुणे नगर निगम (पीएमसी) चुनाव में कई सीटों की समीक्षा जारी है, जिनके बारे में उनका मानना है कि वे यहां जीत सकते हैं।

# अवैध बांग्लादेशियों पर एटीएस का एक्शन जारी

**अवैध रूप से रहने के आरोप में 3 बांग्लादेशी महिलाओं को किया गिरफ्तार**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



महाराष्ट्र में लगातार महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने ठाणे में बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इस घटना की जानकारी गुरुवार को एक अधिकारी ने दी और बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे में अवैध रूप से रहने के आरोप में बांग्लादेश की तीन महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### अधिकारी ने दी जानकारी

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को वर्तक नगर इलाके में छापे मारे थे और उसी दौरान उन्हें एक कमरे में बांग्लादेश की तीन महिलाएं मिलीं थीं। वर्तक नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि ये महिलाएं एक होटल में 'वेटर' के तौर पर काम रही थीं और उनके पास भारत में प्रवेश करने और यहां रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। अधिकारी ने बताया कि इन महिलाओं की उम्र 22 से 45 वर्ष है और उनके खिलाफ पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम तथा विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन पर कार्रवाई कर रही है। जानकारी दें कि पिछले कई दिनों से महाराष्ट्र में एटीएस की टीम एक्शन में आ गई है और लगातार अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर रही है।

### 16 नागरिकों को किया था गिरफ्तार

महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से एटीएस की टीम द्वारा राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ करवाई कर रहे है। इस बात की जानकारी अधिकारियों ने दी और बताया कि महाराष्ट्र पुलिस ने मुंबई, ठाणे और राज्य के तीन अन्य जिलों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 16 नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान के तहत महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने स्थानीय पुलिस की मदद से पिछले चार दिनों में मुंबई, नासिक, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर से बांग्लादेश के नौ नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

महिला पायलट सुसाइड केस

# तनावपूर्ण संबंध की नहीं की थी शिकायत: मुंबई कोर्ट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



मुंबई में एयर इंडिया की महिला पायलट सृष्टि तुली की आत्महत्या के मामले में मुंबई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि सृष्टि तुली ने आरोपी आदित्य पंडित से उनके तनावपूर्ण संबंधों को लेकर किसी भी अधिकारी या परिवार से शिकायत नहीं की थी। कोर्ट ने यह भी फैसला सुनाया कि आदित्य पंडित को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में जमानत दी जाती है। यह फैसला 27 दिसंबर, 2024 को सुनाया गया।

### आदित्य पंडित को मिली जमानत: कोर्ट ने शर्तों पर दी राहत

अदालत ने आदित्य पंडित को जमानत देने के साथ ही उन्हें शर्तों के तहत राहत दी। इनमें एक शर्त यह थी कि पंडित पुलिस जांच में पूरी तरह से सहयोग करेंगे। हालांकि, तुली के परिवार ने पंडित की जमानत याचिका का विरोध किया था, और उनका कहना था कि उनकी बेटी की मौत रहस्यमय परिस्थितियों में हुई है, जिसकी पूरी जांच होनी चाहिए।

### पंडित का बयान: सृष्टि के आत्महत्या करने से पहले की घटना

आदित्य पंडित ने अपनी जमानत याचिका में कहा कि घटना के कुछ दिनों पहले वह सृष्टि के साथ मुंबई में था, लेकिन 25 नवंबर को वह दिल्ली वापस लौट गया था। पंडित ने बताया कि 26 नवंबर को सृष्टि ने उन्हें फोन किया और बताया कि वह क्या करने जा रही हैं। जब पंडित ने फोन का जवाब नहीं मिलने पर सृष्टि के घर जाने की कोशिश की, तो उन्होंने पाया कि सृष्टि मृत पाई गईं। इसके बाद पंडित ने उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक सृष्टि की मौत हो चुकी थी।

# अतिक्रमण विभाग की कार्रवाई


डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

**ऐरोली, कोपरखैरणे और बेलापुर प्रभागों में अनधिकृत निर्माण पर विध्वंस कार्य**

नवी मुंबई महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग ने उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में ऐरोली, कोपरखैरणे और बेलापुर क्षेत्रों में अवैध निर्माणों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है।

### ऐरोली क्षेत्र में कार्रवाई

ऐरोली के सेक्टर-2 में स्थित विभिन्न भवनों जैसे बी-458, बी-459, बी-460, सी-519, सी-520, सी-206, और सी-207 में बिना अनुमति के निर्माण किया गया था। इन अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ महाराष्ट्र क्षेत्रीय योजना और नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद निर्माण कार्य



जारी रखा गया, जिसके बाद अतिक्रमण विभाग ने आंशिक विध्वंस कार्य किया। इस कार्रवाई में 8 ब्रेकर, 6 हथौड़े, 3 गैस कटर और 20 मजदूरों का इस्तेमाल किया गया। कुल 1,75,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### कोपरखैरणे में विध्वंस कार्य

कोपरखैरणे के क्षेत्र में भी अनधिकृत निर्माण पर कार्रवाई की गई। यहाँ निर्माण कार्य के खिलाफ महाराष्ट्र क्षेत्रीय योजना और शहरी नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत नोटिस जारी किया गया था। इस कार्रवाई में 10,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अभियान में 8 मजदूरों, 2 इलेक्ट्रॉनिक हथौड़ों, 1 गैस कटर और 1 पिकअप वैन का उपयोग किया गया।

### बेलापुर क्षेत्र में कार्रवाई

बेलापुर प्रभाग में भी कई अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ विध्वंस अभियान चलाया गया। इसमें मंगेश वसंत पवार, कल्पना वसंत पवार, और अनीता मंगेश पवार के निर्माणों पर कार्रवाई की गई। महाराष्ट्र क्षेत्रीय योजना और नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 53(1ए) और 54 के तहत नोटिस जारी किए गए थे। 15 मजदूरों, 1 मुकादम और 1 गैस कटर के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई और अवैध निर्माणों को हटाया गया।

### जुर्माना और पुलिस तैनाती

विध्वंस कार्य में पुलिस की तैनाती भी की गई थी ताकि प्रक्रिया के दौरान कोई विघ्न न आए। इन सभी कार्रवाईयों में कुल जुर्माना वसूला गया और अवैध निर्माणों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई।

सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड

# बीड से बाहर हो मामले की सुनवाई: विपक्ष

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को बीड जिले के मसाजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया। राज्य गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि एसआईटी का नेतृत्व सीआईडी के उप महानिरीक्षक बसवराज तेली करेंगे। महाराष्ट्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष ने आरोप लगाया कि वाल्मिक कराड इस हत्या का मुख्य आरोपी है, हालांकि उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक प्रतिशोध के कारण उन पर ये झूठा आरोप लगाया जा रहा है। अब विपक्ष देशमुख की हत्या के लिए कराड के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की मांग कर रहा है। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने गुरुवार को कहा कि मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले की सुनवाई बीड जिले से बाहर होनी चाहिए।

### अभियोजक द्वारा मामले से अलग होने की वजह



पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना (यूबीटी) के नेता अबांदास दानवे ने कहा कि जब सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को सरेंडर करने के बाद बीड की एक अदालत में पेश किया गया तो अभियोजक ने खुद को मामले से अलग कर लिया। दानवे ने सुनवाई से पहले अभियोजक द्वारा मामले से अलग होने का कारण जानना चाहा।

# स्पीड-ब्रेकर ने मुर्दे में लौटाई सांसें

डीबीडी संवाददाता | कोल्हापुर

महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने के 15 दिन बाद एक व्यक्ति वापस घर लौट आया। इससे परिजनों में खुशी की लहर है। पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के कसाबा-बावड़ा निवासी पांडुरंग उल्पे को 16 दिसंबर को दिल का दौरा पड़ा था। उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद उल्पे के पड़ोसी और रिश्तेदार उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे।

### स्पीड ब्रेकर से गुजरते वक्त उंगलियों में हलचल



उल्पे की पत्नी ने कहा, जब हम उनके शव को अस्पताल से घर ला रहे थे, तभी एम्बुलेंस एक स्पीड ब्रेकर से गुजरी और उनकी उंगलियों में हलचल होने लगी। इसके बाद उन्हें दूसरे अस्पताल ले जाया गया, जहां वे एक पखवाड़े तक रहे। इस दौरान उनकी एंजियोप्लास्टी हुई और उल्पे सोमवार को अस्पताल से घर वापस आ गए। घटना का सिलसिलेवार ब्यौरा देते हुए उल्पे ने कहा, मैं सैर करके घर आया था और चाय पीकर बैठा था। मुझे चक्कर आ रहा था और सांस फूल रही थी। मैं बाथरूम गया और उल्टी कर दी। मुझे याद नहीं कि उसके बाद क्या हुआ, मुझे अस्पताल कौन ले गया। उस अस्पताल की ओर से अभी तक कोई टिप्पणी नहीं आई है, जिसने उल्पे को मृत घोषित कर दिया था।

# बुजुर्ग महिला और उसके बेटे की बंद फ्लैट से मिली लाश

**एलपीजी की नॉब खुली रहने से घर में भरी गैस**

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई से एक मामला सामने आया है। यहां के कमोठे स्थित ड्रीम हाउसिंग सोसाइटी में एक फ्लैट से बुधवार को एक बुजुर्ग महिला और उनके बेटे का शव मिला। इसके बाद, पुलिस दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया।

### रिश्तेदार की शिकायत पर केस दर्ज




शुरुआती जांच में सामने आया कि दो अज्ञात व्यक्ति जितेंद्र के साथ उनके घर आए थे। इन अज्ञात लोगों ने ही गीता और जितेंद्र को किसी हथियार से पीटा, जिससे दोनों की मौत हो गई। मृतक महिला के रिश्तेदार की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 101 (हत्या) और 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### फ्लैट में भरी थी एलपीजी गैस

पुलिस ने बताया कि मृतकों के रिश्तेदार जब उन्हें बुधवार शाम मिलने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद था और कई बार खटखटाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस और फायर ब्रिगेड ने आखिरकार दरवाजा तोड़ा। दरवाजा तोडे.जाने के बाद पाया गया कि घर में एलपीजी की सप्लाई वाले पाइप का नॉब खुला हुआ था, जिससे गैस पूरे फ्लैट में भर गई थी। दमकल कर्मियों ने घर के अंदर जाने के बाद नॉब बंद किया। इसके बाद पीड़ितों को बेसुध पड़े पाया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे।

### 70 साल की बुजुर्ग महिला को पीटा

मृतकों की पहचान 70 वर्षीय गीता भूषण जगी और उनके 45 वर्षीय बेटे जितेंद्र के रूप में की गई है। पुलिस ने पहले दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया था और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा था।


# चोरों की पिटाई से रेल यात्री की मौत

**दक्षिण एक्सप्रेस में हुई यात्री की हत्या**

**चारों आरोपित नागपुर स्टेशन पर गिरफ्तार**

डीबीडी संवाददाता | नागपुर

चलती ट्रेन में चोरों द्वारा पैसे वापस मांगने पर एक यात्री की बेरहमी से पिटाई की गई, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना तेलंगाना के हैदराबाद से दिल्ली जाने वाली दक्षिण एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में घटित हुई। लोहमार्ग पुलिस ने नागपुर में मामला दर्ज कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मृतक यात्री का नाम शशांक राज राम सिंह (राजापुर, उत्तर प्रदेश) था, जबकि आरोपितों में मोहम्मद फैयाज, सैयद समीर, श्याम कोटेश्वर राव और मोहम्मद अमन अकबर शामिल हैं।



### पिटाई के बाद यात्री की मौत

यात्रियों के मुताबिक, घटना सुबह 3:30 बजे हुई और ट्रेन में तेलंगाना का एक पुलिस कांस्टेबल मौजूद था, लेकिन उसने कोई कार्रवाई नहीं की। शशांक करीब तीन घंटे तक घायल अवस्था में पड़ा रहा और सुबह 6 बजे उसकी मौत हो गई। उसके बाद सहयात्रियों ने आरोपितों को पकड़ लिया। ट्रेन के महाराष्ट्र की सीमा में प्रवेश करते ही बल्लारशा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के जवानों ने घटना की जानकारी रेलवे कंट्रोल रूम को दी, और जैसे ही ट्रेन नागपुर रेलवे स्टेशन पहुंची, रेलवे पुलिस इंस्पेक्टर गौरव गावंडे की टीम ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। लोहमार्ग पुलिस ने इस मामले को तेलंगाना की लोहमार्ग पुलिस को सौंपने का निर्णय लिया है।

### घटना की जानकारी

मृतक शशांक और उसका दोस्त कपिल, जो धान की कटाई के लिए सिकंदराबाद गए थे, दोनों काम के पैसे लेकर दक्षिण एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12721) से नागपुर जा रहे थे। वे जनरल डिब्बे में यात्रा कर रहे थे, जहां आरोपित भी मौजूद थे। यात्रा के दौरान शशांक और कपिल सो रहे थे, तब आरोपितों ने शशांक की जेब से 1700 रुपये और कपिल की जेब से मोबाइल फोन चुरा लिया। शशांक की निंद खुली और उसने आरोपितों को रंगे हाथ पकड़ लिया। इस पर आरोपितों ने शशांक की पिटाई शुरू कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और खून की उल्टियां करने लगा।

# मनपा आयुक्त ने कल्याण डोंबिवली क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं का किया निरीक्षण

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

नववर्ष की शुरुआत में मनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने कल्याण डोंबिवली में चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण किया। प्रारंभ में उन्होंने कल्याण में संबंधित अधिकारियों के साथ भवानी चौक से विठ्ठलवाड़ी स्टेशन उन्नत मार्ग, शक्ति धाम अस्पताल, काटेमनीवाली पानी टंकी और तीसगांव पानी टंकी का निरीक्षण किया। कल्याण (पूर्व) में एक आरक्षित भवन (शक्ति धाम) में 30 बिस्तरों वाला प्रसूति गृह शुरू किया गया है और उक्त प्रसूति गृह को विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों और अन्य जनशक्ति का उपयोग करके एक बाहरी संगठन एम. वेस्टर्न हेल्थ केयर कंसल्टेंसी द्वारा चलाया जा रहा है। सामान्य प्रसव, सिजेरियन डिलीवरी आदि प्रसूति सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। साथ ही अन्य स्त्री रोग सेवाएं नगर निगम की दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहां बाह्य रोगी विभाग 02/12/2024



से और अंतः रोगी विभाग दिनांक 09/12/2024 से शुरू हो गया है। मनपा आयुक्त डॉ इंदु रानी जाखड़ ने इस प्रसूति गृह का दौरा किया और निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों के बारे में जानकारी ली और संबंधित विभाग को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रसूति गृह के बाहर नोटिस बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि डोंबिवली में 90% सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुके हैं और प्रगति पर हैं। इसलिए जल्द ही डोंबिवली के लोगों को अच्छी सड़कें मिलेंगी। इसी तरह,आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने बताया कि हम वार्ड अधिकारियों की मदद से मुख्य रूप से डोंबिवली पूर्व क्षेत्र में फेरीवालों को मुक्त करने का प्रयास कर रहे हैं।

बीड सरपंच हत्या

# दोषियों को सजा पर सीएम फडणवीस सख्त

▶▶ कसाब को फांसी दिलाने वाले उज्ज्वल निकम हो सकते हैं सरकारी वकील

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/बीड

महाराष्ट्र के बीड जिले के मसाजोग गांव में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में राजनीतिक पारा बढ़ता जा रहा है। अब भाजपा विधायक सुरेश धस ने गुरुवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सरपंच हत्याकांड में जाने-माने वकील और कसाब को फांसी दिलवाने वाले उज्ज्वल निकम को लोक अभियोजक (पब्लिक प्रॉसिक्यूटर) के रूप में नियुक्त करने की मांग की। वहीं सीएम ने कहा कि उन्होंने इस मामले में निकम से सरकारी वकील बनने का अनुरोध किया है।

### क्या है पूरा मामला?



पुलिस के अनुसार, सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के पीछे एक बड़ी जबरन वसूली का मामला है। बीड जिले में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये की वसूली की जा रही थी। देशमुख ने इस जबरन वसूली का विरोध किया था, जिसके बाद नौ दिसंबर को उनका अपहरण किया गया और फिर हत्या कर दी गई। उनकी मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया जिसके बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, कुछ दिन पहले, महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड ने पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था।

### क्या बोले भाजपा विधायक धस?

देवेंद्र फडणवीस से अपनी मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर अष्टी के विधायक सुरेश धस ने कहा, 'मैंने एक पत्र सौंपा, जिसमें मैंने मांग की कि उज्ज्वल निकम को इस हत्याकांड में पब्लिक प्रॉसिक्यूटर नियुक्त किया जाए। मुझे विश्वास है कि वह इसे स्वीकार करेंगे। वह हमारी मदद करेंगे। मैंने इस मामले में मुख्यमंत्री से समर्थन मांगा है।'

### सीएम ने कही ये बात

वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा, 'भाजपा विधायक धस ने एक ज्ञापन दिया और मामले में जाने माने वकील उज्ज्वल निकम को विशेष सरकारी अभियोजक के रूप में नियुक्त करने की मांग की। इस पर मैंने निकम से विशेष सरकारी अभियोजक (स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर) बनने का अनुरोध किया है। अगर वह तैयार होते हैं तो उन्हें नियुक्त किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि निकम ने मामले को संभालने के लिए दो दिन का समय मांगा है, ताकि वह यह तय कर सकें कि वह इस मामले में शामिल होंगे या नहीं।

### कौन हैं उज्ज्वल निकम?

उज्ज्वल निकम 26/11 आतंकी हमले और 1993 मुंबई बम धमाकों जैसे कई बड़े मामलों में विशेष सरकारी वकील रहे हैं।

मनी लॉन्ड्रिंग मामला

# आठ करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को महाराष्ट्र में कथित काले धन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के तहत आठ करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। मामले में ईडी ने बताया कि, सिद्धार्थ अभय चोकसी और अभय साजनलाल चोकसी के रूप में पहचाने गए दो व्यक्तियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम कुर्की आदेश जारी किया गया है।




### ईडी ने इन संपत्तियों को किया कुर्क

जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि जब्त की गई संपत्तियों में कर-मुक्त बॉन्ड और पुणे में मौजूद जमीन शामिल हैं और इनकी कुल कीमत 8.09 करोड़ रुपये है। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला आयकर विभाग की तरफ से काला धन विरोधी कानून - काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत दायर आरोपपत्र से उपजा है।

### कौन हैं सिद्धार्थ और अभय चोकसी?

ईडी के अनुसार, सिद्धार्थ अभय चोकसी और अभय साजनलाल चोकसी, सिंगापुर में बैंक खाते वाली ब्लू मिस्ट इंटरनेशनल इंक नामक ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (बीवीआई) पंजीकृत इकाई के 'लाभकारी मालिक' थे। एजेंसी के अनुसार, अपतटीय कंपनी (ब्लू मिस्ट इंटरनेशनल इंक) ने सिंगापुर में एक संपत्ति की खरीद के लिए एफकेसीएल इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ बिक्री और खरीद समझौता किया था।

### दोनों पर क्या है आरोप?

इसमें कहा गया है कि सिद्धार्थ अभय चोकसी और अभय साजनलाल चोकसी के पास कुल 8.09 करोड़ रुपये की 'अघोषित' विदेशी आय और संपत्ति है, जो इस मामले में अपराध की आय है। चूंकि इस मामले में अपराध की आय देश के बाहर है, इसलिए भारत में दोनों व्यक्तियों के स्वामित्व वाली 8.09 करोड़ रुपये की समान मूल्य की संपत्ति को अनंतिम रूप से जब्त कर लिया गया है, जैसा कि जांच एजेंसी ने बताया है।

# स्कूटर फिसलने से दो साल की बच्ची की मौत

▶▶ माता-पिता गंभीर रूप से घायल




मुंबई। गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे परेल के डॉ. अंबेडकर रोड पर एक दुखद सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो साल की बच्ची की मौत हो गई और उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घाटकोपर निवासी मनोज पवार (32), उनकी पत्नी विद्या (29) और बेटी श्रावी (2) बायकुला में जीजामाता उद्यान जाने के लिए स्कूटर से यात्रा कर रहे थे। हादसा तब हुआ जब स्कूटर उस स्थान पर फिसल गया, जहां सड़क मरम्मत का काम चल रहा था। गिरने के बाद, पीछे से आ रहे एक टेंपो ने उन्हें टक्कर मार दी। तीनों को गंभीर चोटें आईं, और उन्हें केईएम अस्पताल में भर्ती किया गया। केईएम अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बच्ची श्रावी को मृत घोषित कर दिया। मनोज और विद्या का इलाज जारी है।

# '2026 में गिर जाएगी मोदी सरकार, महाराष्ट्र में भी होगा असर'

संजय राउत का बड़ा दावा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। राउत ने एनडीए सरकार के लंबे समय तक बने रहने पर संदेह जताया। उन्होंने कहा कि उनके मन में संदेह है कि 2026 के बाद केंद्र सरकार बचेगी या नहीं।

### मोदी पूरा कार्यकाल नहीं चला पाएंगे सरकार : राउत

मीडिया से बात करते हुए यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा कि अगर उनका संदेह हकीकत में बदल गया तो महाराष्ट्र भी प्रभावित होगा। राउत ने कहा कि मेरे मन में संदेह है कि 2026 के बाद केंद्र सरकार बचेगी या नहीं। मुझे लगता है कि मोदी अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेंगे और एक बार केंद्र सरकार अस्थिर हो गई तो इसका असर महाराष्ट्र पर भी पड़ेगा।

### गिरफ्तारी के डर से पार्टी छोड़ रहे नेता

राजन साल्वी के पार्टी छोड़ने की अटकलों के बीच राउत ने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़ रहे हैं, वे केवल जांच एजेंसियों द्वारा गिरफ्तारी के डर से पार्टी छोड़ रहे हैं, हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्होंने खुद साल्वी से बात की है, जो चुनाव में अपनी हार के कारण थोड़ा परेशान हैं। शिवसेना यूबीटी सांसद ने आगे कहा कि पार्टी 'निडर' लोगों के साथ खुद को जोड़ने की कोशिश कर रही है। राउत ने कहा कि मैंने राजन साल्वी से बात की है और वह थोड़ा चिंतित हैं क्योंकि वह चुनाव हार गए हैं और उन्होंने जो मुद्दे उठाए हैं, वे उनके निर्वाचन क्षेत्र के स्थानीय स्तर के हैं। जो लोग पार्टी छोड़ रहे हैं, वे केवल गिरफ्तारी और जांच एजेंसियों के डर से पार्टी छोड़ रहे हैं, उनके पार्टी बदलने के पीछे कोई वैचारिक बात नहीं है। हम निडर लोगों की एक पार्टी बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो सरकार के गलत कामों या जांच एजेंसियों के दबाव की रणनीति से नहीं डरते।

### 'जो हार से डरता है, वह शिवसैनिक नहीं'

राउत ने आगे कहा कि एक बार जब केंद्र सरकार चली जाएगी, तो यह सारा डर भी उनके साथ चला जाएगा और हम निडर लोगों वाली पार्टी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। राउत ने कहा कि हार राजनीतिक जीवन का हिस्सा है और इसे स्वीकार करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो हार से डरता है, वह शिवसैनिक नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीति में, हर किसी को हार का सामना करने और उसे पचाने के लिए तैयार रहना चाहिए, क्योंकि हार राजनीतिक जीवन का हिस्सा है और हमें बालासाहेब ठाकरे ने सिखाया है कि जो हार से डरता है, वह शिवसैनिक नहीं है।

# 'मुंगेरी लाल के हसीन सपने ही रहेंगे'

▶▶ सीएम फडणवीस ने लालू यादव पर कसा तंज

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बिहार में सियासी सुगबुगाहट के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लालू यादव पर कटाक्ष किया है। उन्होंने बिहार के सीएम नीतीश कुमार के पाला बदलने की अटकलों को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा, 'ऐसी बातों में कोई दम नहीं है, ये मुंगेरी लाल के हसीन सपने ही रहेंगे।' फडणवीस ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के तमाम घटक दल एकजुट हैं। एनडीए के बीच बिखराव की ताक में लगे विपक्षी दलों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।



### लालू के किस बयान पर बोले फडणवीस ?

गौरतलब है कि लालू प्रसाद यादव ने बीते दिनों एक सवाल के जवाब में कहा था कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए विपक्षी गठबंधन-INDIA के दरवाजे हमेशा खुले हैं। फडणवीस लालू के इसी बयान पर पलटवार कर रहे थे।

### नीतीश कुमार पर क्यों टिकी हैं नजरें ?

यह भी दिलचस्प है कि बिहार में नीतीश कुमार पाला बदलने के कारण अक्सर आलोचकों के निशाने पर रहते हैं। पिछली बार उन्होंने एनडीए का दामन छोड़कर लालू प्रसाद यादव की पार्टी- राष्ट्रीय जनता दल (RJD) से हाथ मिला लिया था। हालांकि, कुछ ही महीने के बाद लालू ने एक बार फिर भाजपा के साथ सरकार बनाने का फैसला लिया। एक और बार खेमा बदलने के सवालों पर नीतीश कई बार कह चुके हैं कि वे दो बार गलतियां कर चुके हैं, अब वे भाजपा के साथ ही बन रहेंगे।

# सीबीआई ने अपने ही डिप्टी एसपी के खिलाफ रिश्वत और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया

▶▶ बी.एम. मीणा पर रिश्वत के लेन-देन और अनुचित लाभ लेने का आरोप

मुंबई। केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत अपने ही डिप्टी एसपी बी.एम. मीणा और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ एक गंभीर मामला दर्ज किया है। आरोप है कि मीणा ने जांच के दायरे में आने वाले व्यक्तियों से अनुचित लाभ लिया और रिश्वत की रकम को छुपाने के लिए बिचौलियों और हवाला चैनल का इस्तेमाल किया।




### सीबीआई की छापेमारी और बरामदगी

एफआईआर दर्ज करने के बाद, सीबीआई ने जयपुर, कोलकाता, मुंबई और नई दिल्ली में 20 स्थानों पर छापेमारी की। इन छापेमारी के दौरान सीबीआई ने 55 लाख रुपये नकद बरामद किए और कई आपत्तिजनक दस्तावेज़ों सहित संपत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य भी पाए।

### संपत्ति और संदिग्ध लेन-देन का खुलासा

सीबीआई की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि आरोपित अधिकारी के खिलाफ अब तक की जांच में 1.78 करोड़ रुपये की संपत्ति के दस्तावेज मिले हैं, जो संदिग्ध स्रोत से प्राप्त हो सकती है। इसके अतिरिक्त, 1.63 करोड़ रुपये की संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों के प्रमाण भी बरामद हुए हैं। इसके अलावा अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज और सामग्री भी सीबीआई ने अपनी छापेमारी में जप्त की है। यह कार्रवाई सीबीआई की भ्रष्टाचार और अनुचित लाभ लेने के खिलाफ चल रही सख्त रणनीति का हिस्सा है, जो सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की ओर अग्रसर है।


पश्चिम रेलवे

सिग्नलिंग कार्य

वरिष्ठ डी.एस.टी.ई./एन/मुंबई सेंट्रल **ई-निविदा संख्याः एस.जी.-216-2-102-डब्लू.ए. आमंत्रित करता है। कार्य और स्थानः (1) उकाई सोनगढ़-जलगांव खंड के संबंध में सिग्नलिंग कार्यः** बॉक्स कलवर्ट प्रदान करके पत्थर के स्लैब पुलों को बदलना। (कुल 21 संख्या) (2) **चर्चगेट-जलगांव खंडः** पुलों पर जंग लगे स्टील गर्डरों को प्रीकास्ट आर.सी.सी./पी.एस.सी. स्लैब द्वारा बदलना। कुल चौड़ाई = 11 संख्या और स्पैन = 50 संख्या। **कार्य की अनुमानित लागतः** 79,00,246.75.**विशेष कार्यालय जहाँ ई-टेंडर खुला हैः** सीनियर डीएसटीई/उत्तर/मुंबई सेंट्रल, द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400 008। **ईएमडीः** 1,58,000/-। **ई-टेंडर दस्तावेज जमा करने के लिए बंद होने का समय और तिथिः** 21.01.2025 को 15:00 बजे। **ई-टेंडर खोलने का समय और तिथिः** 21.01.2025 को 15:30 बजे। निविदा को वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। 0910

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


# रिकवरी एजेंट के उत्पीड़न के बाद युवा कारोबारी ने किया सुसाइड

▶▶ फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

▶▶ कुरार पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, मृतक सूरज जायसवाल ने लिया कदम

मुंबई। मुंबई के कुरार पुलिस स्टेशन में चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी के एक कर्मचारी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। मृतक सूरज जायसवाल (27) ने कंपनी से 15 लाख रुपये का वाहन ऋण लिया था, लेकिन दो ईएमआई का भुगतान न करने के कारण उत्पीड़न का शिकार हुआ और उसने 31 दिसंबर को आत्महत्या कर ली। यह मामला 1 जनवरी को दर्ज किया गया।

### ऋण की अदायगी में चूक और उत्पीड़न



सूरज जायसवाल ने सितंबर 2024 में चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी से ट्रक खरीदने के लिए 15 लाख रुपये का ऋण लिया था। वह ट्रांसपोर्ट व्यवसाय चलाते थे और ईएमआई की अदायगी में नवंबर 2024 से चूक गए थे। इसके बाद कंपनी के कर्मचारी विजया ओहाल (47) ने सूरज से बार-बार संपर्क किया और लंबित भुगतान के लिए उसे उत्पीड़ित किया। ओहाल ने सूरज के भाई, सुनील जायसवाल से भी संपर्क किया और बकाया EMI का भुगतान करने को कहा। सुनील ने बताया कि सूरज अस्वस्थ था, जिसके कारण वह भुगतान नहीं कर सका। इसके बावजूद ओहाल का दबाव बढ़ता गया।

### ओहाल द्वारा उत्पीड़न और सूरज की आत्महत्या

31 दिसंबर को सुबह करीब 6 बजे ओहाल सूरज के भाई सुनील से मिले और बताया कि सूरज ने 30 दिसंबर की आधी रात तक कॉल का जवाब दिया था, लेकिन उसके बाद वह गायब हो गया। ओहाल ने सुनील से ट्रक के दस्तावेज भी ले लिए थे। इसके बाद, सूरज के पड़ोसी ने सुनील को सूचना दी कि सूरज ने आत्महत्या कर ली है। सुनील तुरंत सूरज के घर पहुंचे और उसे रस्सी से लटका पाया। उन्होंने सूरज को नीचे उतारकर शताब्दी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कुरार पुलिस ने दर्ज किया मामला

कुरार पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ओहाल पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।


भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका, भिवंडी, जि.ठाणे

बांधकाम विभाग प्र.स. क्र.०२

ई-निवीदा सुचना क्र.१३९/२०२४-२५

भिवंडी नि. शहर महानगरपालिकेच्या बांधकमा विभागा मार्फत खालील नमुद कामाचे निविदा फॉर्म **mahatenders.gov.in** या संकेतस्थळावर दिनांक ०३/०१/२०२५ ते दि.१७/०१/२०२५ पर्यंत विक्रिस उपलब्ध आहे.

| अ.क्र. | कामाचे नावं | अंदापत्रकिय रक्कम |
|---|---|---|
| 1 | प्रभाग समिती क्र.२ च्या कार्यक्षेत्रातील वॉर्ड क्र.१३ मध्ये आदिवासीपाडा भादवड येथे गटार व पाथवेज बनविणे | ९,९६,४४६/- |
| 2 | प्रभाग समिती क्र.२ च्या कार्यक्षेत्रातील वॉर्ड क्र.१३ मध्ये श्री. दशरथ भोईर यांचे घरापासुन ते विठ्ठल मारुती सपाट यांचे घरापर्यंत गटार व पाथवेज बनविणे | ६,४८,९३६/- |

वरील ऑनलाईन निविदा दि. १७/०१/२०२५ पर्यंत दुपारी ४.०० पर्यंत स्विकारण्यांत येतील. तसेच सदरची निविदा ही दि.२०/०१/२०२५ रोजी संध्या.४.०१ वाजता अथवा कार्यालयीन कामकाजाच्या सोयीप्रमाणे निविदा समिती समक्ष उघडण्यांत येईल अधिक माहिती महानगरपालिकेच्या उक्त नमुद संकेत स्थळावरुन प्राप्त होऊ शकेल अथवा नविन शायकिय इमारतीमधील ५ मजल्यावरील बांधकाम विभाग कार्यालयाशी संपर्क साधावा.

हस्ता./-
(जमील पटेल)
**शहर अभियंता**
नि. शहर महानगरपालिका भिवंडी



**IN THE SPECIAL COURT.
ERODE DISTRICT
M.C.O.P.NO.520/2024
519/2024**

Sivakumaran (unconscious)
Rep by his wife Thavamani
**- Petitioner**

_ VS _

Bharat kashid
S/o . Balaso kashid , Varad Vinayak society ,
E-1 , Room No.C-04 ,
New panvel sec 14 ,Raigarh ,
Maharastra - 410206 .
**- Respondents**

**According to the court Order**

The above petitioner, against himself and another person, has filed the above petition seeking compensation for a motor accident in the above court and has been granted an appointment on 7/1/25 at 10 am for you to appear in the said case. Therefore, if you have any objection regarding the circumstances of the case, you are requested to appear in person or through your lawyers on 7/1/25 at 10 am and state your objection. If you are Failure to attend this appearance the court case being decided as having no objection.

**R.RathinaveluB.E.B.L,
R. Arunkumar B.E.B.L.
V.K Sreetha B.A.L.L.B.,
Advocates,
Erode.
Cell: 9578435352 /9442769169**

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# चुनौतियां बेशुमार

यूं तो नया या पुराना साल एक समय चक्र मात्र है और देश के सामने समस्याएं व चुनौतियां हर दौर में रही हैं। लेकिन हम समय की एक इकाई में अपनी समस्याओं को दूर करने के लक्ष्य निर्धारित कर निराकरण का प्रयास करते हैं। कमोबेश वर्ष 2025 को लेकर भी यही स्थिति रहने वाली हैं। हालांकि महंगाई, बेरोजगारी तथा गरीबी सर्वकालिक व सर्वदेशीय समस्याएं रही हैं, फर्क है तो यही कि सत्ताधीश इन चुनौतियों का मुकाबला कैसे करते हैं। जैसे-जैसे बीता साल पूर्णता की ओर बढ़ रहा था, देश को लेकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में कुछ सकारात्मक तो कुछ चिंता बढ़ाने वाली खबरें वातावरण में तैर रही थीं। हालांकि, बांग्लादेश का राजनीतिक घटनाक्रम व अल्पसंख्यकों पर ज्यादती की खबरें विचलित करने वाली थी। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बांग्लादेश में जिस सत्ताधीश के विरोध में सत्ता पलट हुआ,उस सत्ता की सूत्रधार को भारत ने शरण दी। दरअसल, भारतीय उपमहाद्वीप के देशों में तार्किक के बजाय भावनात्मक मुद्दे राजनीतिक विमर्श पर हावी रहे हैं। हालांकि, अच्छी बात यह है कि दशकों से जारी एलएसी विवाद सिमटता नजर आया। जिससे चीन से बिगड़े रिश्ते पटरी पर आने की उम्मीद जगी। जिसके मूल में अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम भी है, लेकिन सुखद है कि एशिया की बड़ी महाशक्ति से संबंधों में सुधार आया। बाकी इस माह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद भारत की विदेश नीति दशा-दिशा तय करती नजर आएगी। जहां तक देश के घरेलू मोर्चे का सवाल है तो आर्थिक सुस्ती सत्ताधीशों की चिंताओं का विषय होनी चाहिए। वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर 5.4 फीसदी रहना चिंता का सबब बनी, क्योंकि यह विकास दर पिछली सात तिमाहियों के सबसे निचले स्तर पर है। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि बीता वर्ष आम चुनावों व कई बड़े राज्यों में चुनाव का साल था, जिसमें भारी मात्रा में अनुत्पादक सरकारी खर्च हुआ है। जो कहीं न कहीं देश की विकास दर को प्रभावित करता है। बहरहाल, इसके बावजूद केंद्र सरकार विकास दर व मंदी की आहट को लेकर चिंतित नजर नहीं आती तो उसकी वजह है कि भारत की यह विकास दर भी दुनिया की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से अधिक है। आर्थिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि वर्ष 2024-25 की तीसरी व चौथी तिमाही में विकास दर के तेज रहने के आसार हैं। जैसा कि केंद्रीय बैंक का अनुमान है कि आगामी वित्तीय वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर 6.6 फीसदी रहेगी। जिसके आधार पर विभिन्न रेटिंग एजेंसियां व आईएमएफ अनुमान लगा रहा है कि इस साल भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। लेकिन यह विचारणीय प्रश्न यह है कि कुलांचें भरते शेयर बाजार और बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करते देश में एक आम आदमी के जीवन में धनात्मक वृद्धि नजर क्यों नहीं आ रही है? देश के नेताओं को गाल बजाने की बजाय आम आदमी को परेशान करने वाली कृत्रिम महंगाई, सामाजिक असुरक्षा तथा बेरोजगारी जैसे मुद्दों से निबटने के लिये दूरगामी नीतियों के क्रियान्वयन के प्रयास करने चाहिए।

# आर्थिक मंदी की आहट कीजिए महसूस



सुबीर रॉय

लगता है भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी गति से नीचे की ओर जा रही है– 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने के पिछले अनुमान की बनिस्बत अब इसे 6.4 प्रतिशत बताया जा रहा है। बहुत से वैश्विक विश्लेषकों का कहना है कि अगले वित्तीय वर्ष में भी रफ्तार यही बनी रहने की उम्मीद है। स्पष्ट है हमारी अर्थव्यवस्था स्पष्ट रूप से शिथिलता की ओर जा रही है। यद्यपि धीमी चाल पर भी, भारतीय अर्थव्यवस्था की गति अधिकांश अन्य बड़े देशों की तुलना में अधिक रहेगी। तभी तो, इस मंदी से नेतृत्व को इतनी चिंता नहीं हो रही है क्योंकि यह अभी भी स्थायित्व वाले स्तर पर बनी रहेगी। लेकिन मंदी का कारण और उसका उपाय खोजना महत्वपूर्ण है क्योंकि लोगों का एक बड़ा वर्ग अभी भी बहुत गरीब है। इससे भी खराब यह कि अमीर-गरीब की आय में बहुत अंतर है, केवल एक छोटा वर्ग ही देश की उच्च अर्थव्यवस्था के फल का लाभ उठा रहा है। वर्ष 2022-23 में, भारत की सकल राष्ट्रीय आय का 22.6 प्रतिशत अंश आबादी के शीर्ष एक फीसदी अमीरों के हाथ गया। इसके अलावा, ग्रामीण-शहरी अंतर भी है। ग्रामीण भारत में जरूरत की चीज़ों पर खर्च प्रति व्यक्ति 3,773 रुपये था, जबकि शहरी भारत में यह 6,459 रुपये रहा। इस प्रकार, अर्थव्यवस्था में शहरी उपभोग का ही अधिक महत्व है। मंदी का मुख्य कारण अपर्याप्त क्रय-शक्ति है। शहरी मध्यम वर्ग पर यह कारक विशेष रूप से लागू है, जो कि समग्र मांग का मुख्य प्रेरक है। इसके परिणामस्वरूप उपभोग आधारित उत्पादक कारोबार में सुस्ती आएगी। ये पूरे वेग से आगे नहीं बढ़ पाएंगे। लिहाजा, कंपनियां कम कर्मचारियों को काम पर रखेंगी। इससे मांग में आगे कमी बनेगी और सकल उपभोग में मंदी बढ़ेगी। ग्रामीण भारत में, स्थिति और भी बदतर है। आजीविका चलाने के लिए, पुरुषों की कमाई अपर्याप्त होने के चलते गांवों के परिवारों की महिलाओं को काम करना पड़ता है। लेकिन, वास्तव में, यह महिलाएं किसी कंपनी या कारखाने में नहीं, बल्कि खेतों में काम कर रही हैं। इसलिए, एक फैक्टरी मजदूर जितनी आय भी उनकी नहीं है।

उच्च विकास दर दो ताकतों- विनिर्माण और सेवाओं के बढ़ने से बनती है। लेकिन जैसा कि पहले बताया गया है, अब तक मजबूत रहे विनिर्माण क्षेत्र में भी मंदी जारी है। अगर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं खेतों में काम की बजाय कारखानों में जातीं, तो व्यापक आधार पर विकास होता। उद्योगों एवं सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में बहुत अधिक पूंजी निवेश होने से ही उच्च विकास दर संभव हुई थी, इसमें भी, आधारभूत ढांचे में यह वृद्धि अधिक सार्वजनिक निवेश के माध्यम से संभव हुई थी।

बेहतर सड़कें, बिजली और रेलवे तंत्र ने उद्योग जगत को आशावादी महसूस करवाया और अधिक विकास हुआ। इससे कार, ट्रक और दोपहिया वाहनों के बाजार में काफी उछाल आया। इसके परिणाम में मध्यम वर्ग के उपभोग व्यय में इजाफा हुआ, खासकर शहरी क्षेत्रों में। किंतु आज यह कारखाने, जो कि ज्यादातर तेजी से बिकने वाले उपभोग के सामान का उत्पादन करते हैं, सुस्त हो रहे हैं। इसलिए, जिस सपने का हम इंतजार कर रहे थे- ग्रामीण क्षेत्रों की अधिक महिलाओं का शहरी क्षेत्रों में कंपनी-कारखानों में अधिक नौकरियां करना- वह फीका पड़ चल रहा है। अब, सेवा क्षेत्र पर नज़र डालते हैं, जो उच्च विकास की अवधि के दौरान अत्यधिक मजबूत बनती चली गयी थी। मजबूत खपत ने कारों, दोपहिया वाहनों, टीवी सेट आदि को ठीक करने वालों के लिए अधिक रोजगार का सृजन किया। जैसे-जैसे विनिर्माण में कमी आएगी, सेवा क्षेत्र की उच्च विकास दर में भी मंदी आने की संभावना है। अब बात करने को बचा हमारा निर्यात सेवा क्षेत्र, जो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों के कौशल का पर्याय है, और अब यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकसित करते हुए और ऊपरी स्तर छू रहा है। लेकिन यहां भी, एक नकारात्मक प्रभाव आड़े आ रहा है– विदेशी ग्राहक कंपनियां अब आसपास के लोगों से काम लेने को तरजीह देने लगी हैं। विकसित अर्थव्यवस्थाएं आव्रजन के मामले में सख्त होती जा रही हैं, अग्रणी भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए निकटवर्ती क्षेत्र में काम तलाशे जाने की ज़रूरत बढ़ेगी। विकसित देशों की कंपनियां स्थानीय प्रतिभा को काम देकर अपना खुद का मानव विकास केंद्र बनाना चाहती हैं। उज्ज्वल संकेत यह है कि विकसित देशों की बड़ी कंपनियां भारत में अधिक से अधिक उच्च परिष्कृत वैश्विक विकास केंद्र स्थापित कर रही हैं, जिससे उच्च-स्तरीय इंजीनियरिंग नौकरियों का सृजन हो रहा है। यह कुशल भारतीयों के लिए बहुत अच्छी खबर है, लेकिन इनकी कुल संख्या कम है। इन कंपनियों और राष्ट्र द्वारा सेवाओं का निर्यात एक हकीकत है, लेकिन राष्ट्रीय विकास पर इनका कुल प्रभाव न्यूनतम है। धीमी पड़ती आर्थिक वृद्धि और चुनावों की अनिवार्यताओं के मद्देनजर, सरकार ने महिलाओं को नकद अनुदान देने का फैसला किया है। भले ही यह महिला आधारित अर्थव्यवस्था और उपभोग के लिए मांग को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक हो, लेकिन यह एक स्थायी आर्थिक समाधान नहीं है।


अंत में जो भी हो, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता है ताकि उच्च मांग से गरीबी में कमी और मध्यम वर्ग की संख्या में वृद्धि हो पाए। लेकिन इस पूरे परिदृश्य में एक पेंच है। अगर जलवायु परिस्थितियां हमें निराश करती हैं, जिससे सूखा, बाढ़ और बेमौसम बारिश बढ़ती फसलों को नुकसान पहुंचे, तो यह सब बेकार चला जाएगा। अगर ऐसा होता है, तो उम्मीद है कि सरकार को अहसास होगा कि कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों को स्थापित करना लंबे समय में विनाशकारी है और इसलिए वह सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं पर अधिक ध्यान देगी। यही मुक्ति का मार्ग है।

जीवन मंत्र — सद्गुरु जग्गी वासुदेव

# प्रेम को कितना जानते हैं

विश्वास का अर्थ होता है बिना शर्त प्रेम। यह वैसा प्रेम है, जिसमें दूसरे पक्ष से कोई अपेक्षा नहीं रहती है। आप बस प्रेम करते हैं। जब आप स्कूल या कॉलेज में थे, तब आपने ऐसा प्रेम जरूर किया होगा।

अगर आप रचयिता से प्रेम करते हैं, उसे सर्वोच्च स्थान देते हैं, उसे सृष्टि के ऊपर रखते हैं, तो उसे देखना, उसके साथ होना आपके लिए सब कुछ होगा। अगर उसके ऊपर आपको भरोसा नहीं है, तो आप अस्तित्व की या मनरहित अवस्था जैसी बेतुकी बातें करेंगे। जब भरोसा नहीं रहता, तो सारा मामला बहुत जटिल हो जाता है। तब कुछ भी करने में आपके रोंगटे खडे.हो जाते हैं, क्योंकि प्रेम गायब है। विश्वास का अर्थ होता है बिना शर्त प्रेम। यह वैसा प्रेम है, जिसमें दूसरे पक्ष से कोई अपेक्षा नहीं रहती है। आप बस प्रेम करते हैं। जब आप स्कूल या कॉलेज में थे, तब आपने ऐसा प्रेम जरूर किया होगा। दूसरा पक्ष जवाब नहीं देता था, लेकिन आप प्रेम किए जा रहे थे। एक बार ऐसा हुआ कि एक युवक कॉलेज में अपने प्रोफेसर के पास जाकर कहा, 'सर, मुझे आपकी सहायता चाहिए।' प्रोफेसर ने कहा, 'जरूर, तुम्हारी सहायता के लिए ही मैं यहां हूं।' लड़के ने कहा, 'नहीं, यह पढ़ाई के बारे में नहीं, बल्कि कुछ और है।' प्रोफेसर ने कहा, 'मुझे बताओ तो सही?' तब लड़के ने कॉलेज की एक सुंदरी का नाम बताया और कहा, 'मैं उससे बेहद प्रेम करता हूं और पचास प्रतिशत सफल भी हूं।'



प्रोफेसर ने पूछा, 'पचास प्रतिशत सफल होने से तुम्हारा क्या मतलब है?' लड़के ने जवाब दिया, 'मैं उसके प्रेम में पागल हूं, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया है।' जब कोई व्यक्ति इस कदर प्रेम करता है कि दूसरे पक्ष से उत्तर की उसे आशा भी नहीं रहती, तो यह ठीक है। अगर ईश्वर उत्तर नहीं देता, तो ठीक है। आप पूरा भरोसा रखें कि वह यहां है। अब जरा इस बात पर ध्यान दें और देखें कि हम हमेशा उनसे प्रेम करते हैं, जो यहां नहीं हैं। अधिकांश लोगों के साथ ऐसा है कि वह हमेशा दिवंगतों से प्रेम करते हैं, जब वे यहां नहीं हैं। जब वे जीवित थे, आपकी उनसे बातचीत भी नहीं होती थी। लेकिन जैसे ही वे मरे, आप उनसे प्रेम करने लगे। ईश्वर के साथ भी आपका ऐसा ही संबंध है। अगर वह यहां आपके साथ होता, आपको उसके साथ अपना भोजन मिल-बांटकर खाना होता, तब आपको उससे समस्या हो जाती। लेकिन अभी वह यहां नहीं है या कम से कम आपके अनुभव में तो नहीं है, इसलिए आपके लिए उससे प्रेम करना आसान है।

प्रेम कोई आनंद नहीं है, यह एक गहरा और अनूठा दर्द है। बहुत गहरा, भेदने वाला अद्भुत दर्द! आपके भीतर कुछ दरकना चाहिए, मात्र कुछ नहीं, बल्कि सब कुछ तार-तार हो जाना चाहिए। केवल तभी आप सही मायने में जान सकेंगे कि प्रेम क्या है? सुखद अनुभूति प्रेम नहीं, मात्र एक सुविधा है।

शख्सियत — सावित्रीबाई फुले

# विधवाओं के पुनर्विवाह का किया समर्थन



सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थी, जिन्होंने बाल विधवाओं को शिक्षित करने, बाल विवाह रोकने, सती प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी और विधवाओं के पुनर्विवाह का समर्थन किया। सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को ब्रिटिश भारत में नायगांव (तब सतारा जिले में) के कृषक समुदाय में खांडोजी नेवेशे पाटिल और लक्ष्मी की बड़ी बेटी के रूप में हुआ था।


उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान, एक प्रमुख भारतीय समाज सुधारक, शिक्षिका और लेखिका सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले ने महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सावित्रीबाई को अपने युग की निपूर्ण महिलाओं में से एक माना जाता है। सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर महाराष्ट्र में पुणे के भिडे वाडा में प्राथमिक युवा महिला विद्यालय की स्थापना की थी। उन्होंने बाल विधवाओं को शिक्षित करने और मुक्त करने के अपने प्रयासों में बहुत प्रयास किया, बाल विवाह और सती प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी और विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया। सावित्रीबाई फुले को महाराष्ट्र में सामाजिक सुधारक के रूप में पहचाना जाता है। इतना ही नहीं उन्हें बीआर अम्बेडकर और अन्नाभाऊ साठे के आदर्शों के साथ दलित मांग के प्रतिनिधित्व के रूप में देखा जाता है। उन्हें सामाजिक परिवर्तन की प्रगति में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। अपनी शादी के बाद सावित्रीबाई ने अपनी औपचारिक शिक्षा शुरू की। ज्योतिरव फुले ने खुद अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। ज्योतिराव ने अपने सभी धर्मार्थ प्रयासों में पूरे दिल से सावित्रीबाई का समर्थन किया। जब वह अपनी किशोरावस्था में थीं, तब ज्योतिराव और सावित्रीबाई ने पुणे में युवा महिलाओं के लिए पहला स्थानीय प्रशासित स्कूल स्थापित किया।

जीवन ऊर्जा — क्लेमेंट एटली: जन्म- 3 जनवरी 1883 — जन्म

क्लेमेंट एटली, एक ब्रिटिश राजनीतिज्ञ, जो 1945 से 1951 तक यूनाइटेड किंगडम के प्रधान मंत्री के रूप में कार्यरत थे, एक परिवर्तनकारी और दूरदर्शी नेता थे। लेबर पार्टी के नेता के रूप में, एटली द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सत्ता में आए और प्रमुख सामाजिक और आर्थिक सुधारों की अवधि की अध्यक्षता की।क्लेमेंट एटली का जन्म 3 जनवरी 1883, पुटनी, लंदन, यूनाइटेड किंगडम में हुआ था और उनका निधन 8 अक्टूबर 1967, वेस्टमिंस्टर अस्पताल, लंदन, यूनाइटेड किंगडम में हुआ।

# बजट पर राजनीति करना खतरनाक है

कोई भी सामाजिक व्यवस्था हमें तब तक खुशी, स्वास्थ्य और समृद्धि नहीं देगी जब तक वह भौतिकवाद से बड़ी किसी चीज़ से प्रेरित न हो। जब हम सत्ता में वापस आते हैं तो हम कानून की किताब में एक ऐसा अधिनियम डालना चाहते हैं जो हमारे लोगों को इस देश का नागरिक होने से पहले दुनिया का नागरिक बना देगा। लोकतंत्र का मतलब है चर्चा द्वारा सरकार बनाना, लेकिन यह तभी प्रभावी है जब आप लोगों को बात करने से रोक सकें। यदि आप खुद को किसी राजनीतिक दल के प्रति पूरी तरह जिम्मेदार मानने लगते हैं, तो आप तानाशाही की आधी राह पर हैं। आपका मूल्यांकन इस बात से किया जाएगा कि आप सज्जनों में क्या सफल



होते हैं, न कि इस बात से कि आप क्या प्रयास करते हैं। हमने राष्ट्रवादी निष्ठा के किसी भी विचार को बिल्कुल त्याग दिया है। हम जानबूझकर अपने देश के प्रति अपनी वफादारी से पहले विश्व व्यवस्था को रख रहे हैं। जीवन और मृत्यु के संघर्ष में, हम अपनी नियति को असफलताओं के हाथों में नहीं छोड़ सकते।

यदि हथियारों पर बर्बाद किए गए धन का उपयोग कम विकसित देशों की मदद के लिए किया जा सकता है, तो यह संभवतः किसी भी अन्य चीज़ की तुलना में कम्युनिस्ट खतरे के खिलाफ एक बड़ा झटका होगा। आपकी ओर से कुछ समय का मौन स्वागत योग्य होगा। बहुत से चतुर लोगों के पास निर्णय के अलावा सब कुछ है। बजट पर राजनीति करना खतरनाक है। मनुष्य की भौतिक खोजें उसकी नैतिक प्रगति से आगे निकल गई हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# घृणा, द्वेष और भेदभाव के षड्यंत्रों से खुद बचें

हमारे देश में छुआछूत और जातियों के भेदभाव को लेकर आज भी कई लोग जागरूक नहीं हैं। पर ये घिनौनी परंपरा ने हमारी देश को कुछ सदियों पहले ही जकड़ा। पिछले भाग में हमने कई कहानियों का उदाहरण देते हुए बताया कि प्राचीन समय में कभी छुआछुत रही ही नहीं और ना ही कभी जातियां भेदभाव का कारण होती थी।

इस भाग में हम इसे लेकर कुछ और उदाहरण प्रस्तुत करने जा रहे हैं। 140 साल देश पर गुप्ताओं का राज रहा। केवल पुष्यमित्र शुंग के 36 साल के राज को छोड़ कर 92% समय प्राचीन काल में देश में शासन उन्ही का रहा, जिन्हें आज दलित पिछड़ा कहते हैं तो शोषण कहां से हो गया? यहां भी कोई शोषण वाली बात नहीं है। फिर शुरू होता है मध्यकालीन भारत का समय जो सन 1100- 1750 तक है, इस दौरान अधिकतर समय, अधिकतर जगह मुस्लिम आक्रमणकारियों का समय रहा और कुछ स्थानों पर उनका शासन भी चला। अंत में मराठों का उदय हुआ, बाजीराव पेशवा जो कि ब्राह्मण थे, ने गाय चराने वाले गायकवाड़ को गुजरात का राजा बनाया, चरवाहा जाति के होलकर को मालवा का राजा बनाया।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



अहिल्या बाई होलकर खुद बहुत बड़ी शिवभक्त थी। ढेरों मंदिर गुरुकुल उन्होंने बनवाए। मीरा बाई जो कि राजपूत थी, उनके गुरु एक चर्मकार रविदास थे और रविदास के गुरु ब्राह्मण रामानंद थे। यहां भी शोषण वाली बात कहीं नहीं है।मुग़ल काल से देश में गंदगी शुरू हो गई और यहां से पर्दा प्रथा, गुलाम प्रथा, बाल विवाह जैसी चीजें शुरू होती हैं। 1800-1947 तक अंग्रेजों के शासन रहा और यहीं से जातिवाद शुरू हुआ। जो उन्होंने फूट डालो और राज करो की नीति के तहत किया। अंग्रेज अधिकारी निकोलस डार्क की किताब 'कास्ट ऑफ़ माइंड' में मिल जाएगा कि कैसे अंग्रेजों ने जातिवाद, छुआछूत को बढ़ाया और कैसे स्वार्थी भारतीय नेताओं ने अपने स्वार्थ में इसका राजनीतिकरण किया।

इन हजारों सालों के इतिहास में देश में कई विदेशी आए, जिन्होंने भारत की सामाजिक स्थिति पर किताबें लिखी हैं, जैसे कि मेगास्थनीज ने इंडिका लिखी, फाहियान, ह्यू सांग और अलबरूनी जैसे कई। किसी ने भी नहीं लिखा की यहां किसी का शोषण होता था। योगी आदित्यनाथ जो ब्राह्मण नहीं हैं, गोरखपुर मंदिर के महंत हैं, पिछड़ी जाति की उमा भारती महा मंडलेश्वर रही हैं। जन्म आधारित जाति को छुआछुत व्यवस्था हिन्दुओ को कमजोर करने के लिए लाई गई थी। इसलिए भारतीय होने पर गर्व करें और घृणा, द्वेष और भेदभाव के षड्यंत्रों से खुद भी बचें और औरों को भी बचाएं।

अपने विचार

## अशांति

बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स बांग्लादेशियों की घुसपैठ में मदद करती है, इसलिए अशांति फैल रही है। ये सब केंद्र सरकार का एजेंडा है, जो असंतुलन पैदा करने की कोशिश कर रही है।



-ममता बनर्जी

## धोखा

पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के किसान भाईयों-बहनों के साथ धोखा किया है। केजरीवाल ने सरकार में आते ही जनता के फैसले लेने की बजाय अपना रोना रोया है।



-शिवराज सिंह चौहान

## कश्मीर

कश्मीर का नाम कश्यप के नाम पर हो सकता है। इतिहासकारों ने कश्मीर का इतिहास पुस्तकों के जरिए बताने की कोशिश की। मेरी इतिहासकारों से अपील है कि प्रमाण के आधार पर इतिहास लिखें।



-अमित शाह, गृह मंत्री

## अविश्वास

एक चुटकुलेबाज कथित कवि आजकल पूरी तरह अपने खोल से बाहर आ गया है। रोज बता रहा है कि वह कितना जहरीला है। वह कह रहा है कि पहले वह जो बोलता था, वह सिर्फ समय का झांसा था।



-हफ़ीज़ किदवई

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# महाकुम्भ 2025 के लिए रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा व्यवस्था

## बनाए गए ऑब्जर्वेशन रूम

**डीबीडी संवाददाता | प्रयागराज**

महाकुम्भ 2025 के दौरान भारतीय रेलवे ने तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रयागराज के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा सुविधाओं का आयोजन किया है। इस पहल के तहत, रेलवे ने 24x7 ऑब्जर्वेशन रूम्स की व्यवस्था की है ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। पिछले महाकुम्भ के दौरान 1 लाख श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई थी, और इस बार रेलवे ने एक और बड़े स्तर पर चिकित्सा सेवाओं का प्रबंध किया है।





### चिकित्सा स्टाफ की तैनाती

प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, और नैनी स्टेशनों पर चिकित्सा टीम तैनात की गई है, जिसमें 15 नर्स, 12 फार्मासिस्ट, 12 हॉस्पिटल अटेंडेंट और 15 हाउस कीपिंग असिस्टेंट शामिल हैं। यह टीम 8 घंटे की शिफ्ट्स में काम करेगी।

### विशेष चिकित्सा सेवाएं

महाकुम्भ के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए भारतीय रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी जंक्शन और प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम्स स्थापित किए हैं। इन रूम्स में हर समय डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ तैनात रहेंगे, और सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे ताकि तीर्थयात्रियों को त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके।

### आधुनिक चिकित्सा उपकरण

ऑब्जर्वेशन रूम्स और चिकित्सा केंद्रों में निम्नलिखित उपकरणों की व्यवस्था की गई है:

- ECG मशीन: हृदय संबंधित समस्याओं की त्वरित पहचान के लिए
- डिफ़िब्रिलेटर: दिल के रुकने पर उसे सामान्य करने के लिए
- ऑक्सीजन कन्सेन्ट्रेटर: ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए
- ग्लूकोमीटर: रक्त शर्करा मापने के लिए, खासकर मधुमेह से प्रभावित लोगों के लिए

### 24x7 चिकित्सा सेवाएं

*महाकुम्भ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर 24x7 चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। जब भी किसी यात्री को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होगी, तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाएगा, और जरूरत पड़ने पर रेलवे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से समन्वय बनाए रखा जाएगा ताकि मरीजों को तुरंत रेफर किया जा सके। भारतीय रेलवे का उद्देश्य महाकुम्भ 2025 के आयोजन को सुरक्षित, स्वस्थ और यादगार बनाना है। इन स्वास्थ्य सुविधाओं से श्रद्धालुओं को उच्चतम स्तर की चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी, जिससे उनकी यात्रा सुरक्षित और आरामदायक होगी।*

# बीकानेर-सादुलपुर सेक्शन के बीच पैच दोहरीकरण

## कार्य के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बीकानेर-सादुलपुर सेक्शन पर रतनगढ़ से मोलीसर स्टेशन के बीच पैच दोहरीकरण कार्य के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।



### निरस्त होने वाली ट्रेनें:-

1.20 और 27 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19271 भावनगर-हरिद्वार साप्ताहिक एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

2.22 और 29 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19272 हरिद्वार-भावनगर साप्ताहिक एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

### आंशिक रूप से निरस्त होने वाली ट्रेनें:-

1.ट्रेन संख्या 22915/22916 बांद्रा टर्मिनस-हिसार सुपरफास्ट एक्सप्रेस 20 और 27 जनवरी, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से तथा 21 और 28 जनवरी, 2025 को हिसार से छूटने वाली ट्रेन मेड़ता रोड तक चलेगी तथा मेड़ता रोड और हिसार के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

2.ट्रेन संख्या 19333/19334 इंदौर-बीकानेर एक्सप्रेस 04, 11, 18 और 25 जनवरी, 2025 को इंदौर से तथा 05, 12, 19 और 26 जनवरी, 2025 को बीकानेर से छूटने वाली ट्रेन सीकर तक चलेगी तथा सीकर और बीकानेर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

### रिशेड्युल होने वाली ट्रेनें:-

1.04 और 11 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19027 बांद्रा टर्मिनस-जम्मू तवी एक्सप्रेस 01 घंटा 05 मिनट रिशेड्युल होगी।

2.06 और 13 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 22915 बांद्रा टर्मिनस-हिसार सुपरफास्ट एक्सप्रेस 01 घंटा 05 मिनट रिशेड्युल होगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें:-

- 18 और 25 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19027 बांद्रा टर्मिनस-जम्मू तवी विवेक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया डेगाना, फुलेरा, रींगस, रेवाड़ी, हिसार स्टेशनों के रास्ते चलेगी। इस ट्रेन को फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी और भिवानी स्टेशनों पर ठहराव दिया जाएगा।
- 27 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19028 जम्मू तवी-बांद्रा टर्मिनस विवेक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया हिसार, रेवाड़ी, रींगस, फुलेरा और डेगाना के रास्ते चलेगी। इस ट्रेन को भिवानी, रेवाडी, नारनौल, नीम का थाना, रींगस व फुलेरा स्टेशनों पर ठहराव दिया जायेगा।
- 16, 23 और 30 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 04712 बांद्रा टर्मिनस- बीकानेर स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया जयपुर, मेड़ता रोड और बीकानेर स्टेशनों के रास्ते चलेगी। इस ट्रेन को फुलेरा, मकराना, डेगाना और नागौर स्टेशनों पर ठहराव दिया जाएगा।
- 15, 22 और 29 जनवरी, 2025 को चलने वाली ट्रेन संख्या 04711 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया बीकानेर, मेड़ता रोड और जयपुर के रास्ते चलगी। इस ट्रेन को नागौर, डेगाना, मकराना और फुलेरा स्टेशनों पर ठहराव दिया जाएगा।

# रेलवे स्वास्थ्य सेवा में नई उपलब्धि

## भायखला अस्पताल में अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन

### विशेषताएं:

कम समय और कम विकिरण खुराक में सटीक छवियां।

सिर की चोटों, आंतरिक अंगों की क्षति, और जटिल हड्डी फ्रैक्चर का शीघ्र और सटीक निदान।

कोरोनरी धमनी रोग के प्रारंभिक चरण में पहचान।

### लाभ:

अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना से बाहरी एजेंसियों पर निर्भरता कम होगी।

आपातकालीन मामलों को तुरंत अस्पताल में ही संभाला जा सकेगा।

रोगियों को कम समय में सटीक निदान और उपचार मिलेगा।

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

रेलवे स्वास्थ्य सेवा में एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में, भायखला स्थित भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल में 128-स्लाइस मल्टीडिटेक्टर कंप्यूटेड टोमोग्राफी (सीटी) स्कैन सिस्टम का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन 26 दिसंबर 2024 को रेलवे स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. मान सिंह, मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री धर्मवीर मीना, और प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. शोभा जगननाथ की उपस्थिति में किया गया।



### रेलवे अधिकारियों का योगदान

महानिदेशक डॉ. मान सिंह ने अस्पताल में किए गए सुधारों की सराहना करते हुए रेलवे कर्मचारियों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। महाप्रबंधक श्री धर्मवीर मीना ने उन्नत उपकरणों की खरीद के लिए अस्पताल कर्मचारियों को प्रेरित किया।

### उन्नत तकनीक

यह अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन तेज और सटीक इमेजिंग तकनीक से लैस है। यह रोगियों के लिए बेहतर देखभाल और चिकित्सा निदान में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

### सतत चिकित्सा शिक्षा (CME)

इस अवसर पर, टाटा मेमोरियल अस्पताल के विशेषज्ञों ने रेडियोडायग्नोसिस और इमेजिंग विषय पर अतिथि व्याख्यान दिए। डॉ. अमित जानू और डॉ. जमुना कंकारा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. शशि वर्मा, सीनियर डीएमओ (रेडियोलॉजी), ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

# भिवंडी में 6 जनवरी से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

श्री आत्म प्रकाश जन कल्याण सत्संग समिति द्वारा 6 जनवरी 2025 से 16 जनवरी 2025 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा काशी के प्रसिद्ध संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित होगी। कथा का आयोजन मंगलमूर्ति मैरेज ग्राउंड, दांडेकरवाड़ी, कल्याण नाका के पास किया गया है।



श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी
श्री आत्मानंद सरस्वती जी महाराज (काशी)

### कार्यक्रम विवरण:

**कथा का समय:**

प्रतिदिन शाम 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक।

**आरंभिक शोभायात्रा:**

6 जनवरी को शाम 5:00 बजे, निर्मल साइजिंग, सिटीजन हॉस्पिटल के सामने, आगरा रोड से कथा स्थल तक भव्य शोभायात्रा निकलेगी।

### आयोजन समिति का निवेदन:

संस्था के अध्यक्ष संजय पाटिल ने सभी भक्तों और कथा प्रेमियों से निवेदन किया है कि वे समय पर कथा स्थल पहुंचें और स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करें। यह आयोजन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति के प्रति प्रेरित करेगा। सभी भक्तों से अनुरोध है कि इस पवित्र आयोजन का हिस्सा बनें।

# 20 साल से 'बात रोग' से पीड़ित मरीज का इलाज

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

बात रोग (जोड़ों का दर्द और शारीरिक पीड़ा) से पीड़ित रोगियों के लिए यूनानी चिकित्सा पद्धति के तहत कपिंग थेरेपी प्रभावी समाधान साबित हो रही है। ठाणे सिविल अस्पताल के आयुष विभाग में 20 से 25 वर्षों से जोड़ों के दर्द से पीड़ित एक मरीज को इस उपचार से राहत मिली है।

### उपचार प्रक्रिया:

जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलास पवार और अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक धीरज महांगड़े के नेतृत्व में, यूनानी विशेषज्ञ डॉ. जुबेर अंसारी ने कपिंग थेरेपी और अन्य यूनानी विधियों से उपचार किया। सदाशिव ने बताया कि अब उनका शरीर बेहतर मूवमेंट कर पा रहा है, और दर्द में काफी कमी आई है। वह अब सुबह की सैर, दौड़ने, लिखने और रस्सी कूदने जैसे काम आसानी से कर सकते हैं। यूनानी विशेषज्ञ डॉ. लुकमान खान और मस्सेर धनाजी कांबले ने मरीज के इलाज में समर्पण और अथक परिश्रम किया।



### क्या है पूरा मामला ?

56 वर्षीय सज्जन सदाशिव मोरे (बदला हुआ नाम), ठाणे के निवासी, लंबे समय से जोड़ों के दर्द और शारीरिक जकड़न का सामना कर रहे थे। सुबह उठने पर चलने-फिरने, नल खोलने और शरीर हिलाने में उन्हें असहनीय दर्द होता था। वर्षों तक विभिन्न उपचार अपनाने के बावजूद कोई लाभ नहीं हुआ। जब सदाशिव को ठाणे सिविल अस्पताल के आयुष विभाग की यूनानी चिकित्सा के बारे में पता चला, तो उन्होंने वहां इलाज शुरू किया।

### यूनानी चिकित्सा की विशेषता

यूनानी चिकित्सा पद्धति में प्राकृतिक तरीकों से रोगों का इलाज किया जाता है। इसमें कपिंग थेरेपी जैसे उपचार न केवल दर्द में राहत देते हैं, बल्कि शारीरिक शक्ति और गतिशीलता को भी सुधारते हैं।

# मीरा भायंदर महानगरपालिका की पहल

## वाहन चालकों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन




**डीबीडी संवाददाता | भायंदर**

मीरा भायंदर महानगरपालिका ने वाहन चालकों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। यह शिविर 2 जनवरी को आयुक्त और प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर द्वारा उद्घाटित किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर ड्राइविंग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, पुणे द्वारा आयोजित किया गया है, जो वाहन चालकों को बेहतर और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** — आज व्यापार में उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। फालतू खर्च होगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे।

**वृष** — आज भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यापार-कारोबार में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें। प्रमाद न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बाधा संभव है।

**मिथुन** — आज हर तरफ से आय बनी रहेगी। व्यवसाय-व्यापार बहुत अच्छा चलेगा। बाहरी क्षेत्र से विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है।

**सिंह** — व्यापारिक योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं।

**कन्या** — कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में चैन रहेगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है।

**तुला** — बाहर रह रहे लोगों को परिवार से आज बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम करने की इच्छा नहीं होगी। विवाद से क्लेश संभव है। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी।

**वृश्चिक** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**धनु** — आज के दिन स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

**मकर** — आज संतान के रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। घर में पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। नौकरीपेशा के आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता रहेगी। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ** — आज व्यापार में कार्य की अधिकता रहेगी। किसी बाहरी विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दूर से दु:खद समाचार मिल सकता है। घरेलू तथा बाहरी क्षेत्र की बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें।

**मीन** — व्यावसायिक यात्रा आज लाभदायक रहेगी। मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा।

# पीपल द्वारा नवग्रह दोष दूर करने के उपाय

भाग-2



ज्योतिष शास्त्र अनुसार प्रत्येक ग्रह 3, 3 नक्षत्रों के स्वामी होते है।
कोई भी व्यक्ति जिस भी नक्षत्र में जन्मा हो वह उसके स्वामी ग्रह से सम्बंधित दिव्य पीपल के प्रयोगों को करके लाभ प्राप्त कर सकता है।
अपने जन्म नक्षत्र के बारे में अपनी जन्मकुंडली को देखें या अपनी जन्मतिथि और
समय व् जन्म स्थान लिखकर भेजे,या अपने विद्वान ज्योतिषी से संपर्क कर जन्म का
नक्षत्र ज्ञात कर के यह सर्व सिद्ध प्रयोग करके लाभ उठा सकते है।

**सूर्य**

जिन नक्षत्रों के स्वामी भगवान सूर्य देव है, उन व्यक्तियों के लिए निम्न प्रयोग है।

(अ) रविवार के दिन प्रातःकाल पीपल वृक्ष की 5 परिक्रमा करें।

(आ) व्यक्ति का जन्म जिस नक्षत्र में हुआ हो उस दिन (जो कि प्रत्येक माह में अवश्य
आता है) भी पीपल वृक्ष की 5 परिक्रमा अनिवार्य करें।

(इ) पानी में कच्चा दूध मिला कर पीपल पर अर्पण करें।

(ई) रविवार और अपने नक्षत्र वाले दिन 5 पुष्प अवश्य चढ़ाए। साथ ही अपनी कामना
की प्रार्थना भी अवश्य करे तो जीवन की समस्त बाधाए दूर होने लगेंगी।



प्रियंका जैन
9769994439

**चन्द्र**

जिन नक्षत्रों के स्वामी भगवान चन्द्र देव है, उन व्यक्तियों के लिए निम्न प्रयोग है।

(अ) प्रति सोमवार तथा जिस दिन जन्म नक्षत्र हो उस दिन पीपल वृक्ष को सफेद पुष्प अर्पण करें लेकिन पहले 4 परिक्रमा पीपल की अवश्य करें।

(आ) पीपल वृक्ष की कुछ सुखी टहनियों को स्नान के जल में कुछ समय तक रख कर फिर उस जल से स्नान करना चाहिए।

(इ) पीपल का एक पत्ता सोमवार को और एक पत्ता जन्म नक्षत्र वाले दिन तोड़ कर
उसे अपने कार्य स्थल पर रखने से सफलता प्राप्त होती है और धन लाभ के मार्ग
प्रशस्त होने लगते है।

(ई) पीपल वृक्ष के नीचे प्रति सोमवार कपूर मिलकर घी का दीपक लगाना चाहिए।

**मंगल**

जिन नक्षत्रो के स्वामी मंगल है. उन नक्षत्रों के व्यक्तियों के लिए निम्न प्रयोग है....

(अ) जन्म नक्षत्र वाले दिन और प्रति मंगलवार को एक ताम्बे के लोटे में जल लेकर
पीपल वृक्ष को अर्पित करें।

(आ) लाल रंग के पुष्प प्रति मंगलवार प्रातःकाल पीपल देव को अर्पण करें।

(इ) मंगलवार तथा जन्म नक्षत्र वाले दिन पीपल वृक्ष की 8 परिक्रमा अवश्य करनी चाहिए।

(ई) पीपल की लाल कोपल को (नवीन लाल पत्ते को) जन्म नक्षत्र के दिन स्नान के
जल में डाल कर उस जल से स्नान करें।

(उ) जन्म नक्षत्र के दिन किसी मार्ग के किनारे १ अथवा 8 पीपल के वृक्ष रोपण करें।

(ऊ) पीपल के वृक्ष के नीचे मंगलवार प्रातः कुछ शक्कर डाले।

(ए) प्रति मंगलवार और अपने जन्म नक्षत्र वाले दिन अलसी के तेल का दीपक पीपल
के वृक्ष के नीचे लगाना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

## नवादा में डायल 112 की पुलिस टीम पर हमला



**नवादा।** बिहार के नवादा जिले के काशीचक प्रखंड के शाहपुर थाना क्षेत्र के रेवार में बुधवार को पुलिस टीम पर हमले में शामिल दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को इस बात की जानकारी डीएसपी महेश चौधरी ने दिया। महेश चौधरी ने बताया कि शाहपुर क्षेत्र के डायल 112 की पुलिस टीम पर हमले की गई थी। एक हवलदार सहित अन्य पुलिसकर्मी जख्मी हुए थे। पुलिस के द्वारा जवाबी कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभीराम कुमार और आरती कुमारी के रूप में की गई है। उसकी गिरफ्तारी करने के लिए छापामारी की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि डायल 112 को सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची थी जहां रेवार गांव में नशे की हालत में एक युवक को पड़कर लाया जा रहा था। तभी 10 से 12 की संख्या में लोग पुलिस पर ही हमला कर दिया था।

## लालू यादव के बाद कांग्रेस ने किया सीएम नीतीश के समर्थन का ऐलान



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को महागठबंधन में शामिल होने का न्यौता दिया। राजद प्रमुख के बयान के बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या बिहार में एक बार फिर से खेला होने जा रहा है। इसी बीच बिहार में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने लालू यादव के बयान का समर्थन किया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर मुख्यमंत्री इंडिया गठबंधन में लौटते हैं तो कांग्रेस पार्टी न सिर्फ उनका स्वागत करेगी बल्कि उनका समर्थन भी करेगी। सीएम नीतीश कुमार को वापस महागठबंधन यानी इंडिया गठबंधन में लौट आने के लालू यादव के ऑफर का कांग्रेस ने स्वागत किया है। कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा कि अगर नीतीश कुमार गोडसेवादी विचारधारा के लोगों को छोड़कर गांधीवादी विचारधारा वालों के साथ आते हैं तो स्वागत है।

# महाकुंभ में महाचूक

- पकड़ा गया अवैध तरीके से ठहरा विदेशी
- श्रद्धालु कैंप में बना चुका था ठिकाना



**एजेंसी । प्रयागराज**

मेला क्षेत्र में एक रूसी नागरिक अवैध तरीके से घूमते हुए पकड़ा गया। जांच में पता चला कि वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी वह पिछले चार महीने से चोरी-छिपे देश में रह रहा था। उसने मेला क्षेत्र के सेक्टर 15 स्थित कैंप में ठिकाना बना रखा था। पुलिस ने उसे वापस भेज दिया है।

### रेनबो कैंप में था ठहरा

दस्तावेजों की पड़ताल में मालूम हुआ कि उसके वीजा की अवधि सितंबर में ही एक्सपायर हो चुकी है। यह भी पता चला कि वह सेक्टर 15 में ही स्थित श्रद्धालुओं के रेनबो कैंप में ठहरा था। पिछले 15 दिनों से वह यहां रह रहा था। पूछताछ के बाद उसे कमिश्नरेट पुलिस को सौंप दिया गया। विस्तृत जांच पड़ताल के बाद आरोपी को विदेशिक पंजीकरण कार्यालय ले जाया गया। इसके बाद वहां से उसके निर्वासन के संबंध में कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए उसे वापस भेज दिया गया। गौरतलब है कि तीन दिन पहले भी यहां तीन विदेशी पकड़े गए थे। हालांकि बाद में दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया था।

### पूछताछ की तो लगा घबराने

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, संदिग्ध लगने पर पुलिसकर्मियों ने उससे पूछताछ की तो वह घबराने लगा। जानकारी पर स्थानीय खुफिया एजेंसी के अफसर भी आ गए। जांच पड़ताल में विदेशी ने अपना नाम आंद्रे पॉफकॉप और खुद को रूस का बताया।

### अवैध तरीके से रहती मिली थी युगांडा की महिला

प्रयागराज में अवैध तरीके से विदेशी नागरिकों के रहने का यह पहला मामला नहीं है। चार महीने पहले यहां युगांडा की एक महिला सिविल लाइंस में अवैध तरीके से स्पा सेंटर में काम करते पकड़ी गई थी। वीजा एक्सपायर होने के बाद भी वह यहां चोरी छिपे रह रही थी। आरोप है कि वह स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार में भी शामिल थी। लगातार अवैध तरीके से विदेशियों के रहने के मामले सामने आने से स्थानीय खुफिया एजेंसियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं।


## झारखंड कैबिनेट की बैठक सात जनवरी को




**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक सात जनवरी को शाम प्रोजेक्ट भवन में आयोजित की जायेगी। हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम 4:00 बजे से होने वाली कैबिनेट की बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद कक्ष में बुलाई गई है। यह जानकारी गुरुवार को मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से दी गयी।

# पढ़ाई पर कोहरे और ठंड की मार

- कक्षा एक से आठ तक के स्कूल आज से रहेंगे बंद
- डीएम ने दिया आदेश




**गौतमबुद्ध।** गौतमबुद्ध नगर जिले के सभी स्कूल शुक्रवार से अग्रिम आदेश तक बंद रहेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने नर्सरी से कक्षा आठ तक के स्कूलों के लिए आदेश जारी किया है। घने कोहरे और ठंड को देखते हुए स्कूल बंद किए गए हैं। यह आदेश सभी बोर्ड के स्कूलों पर लागू होगा।

### डीएम ने दिए आदेश

बीएसए ने बताया कि यह आदेश जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा दिए गए हैं। बीते कुछ दिनों से लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। इसके साथ ही सुबह के समय में घना कोहरा और सर्द हवाएं भी परेशान कर रही हैं। ऐसे में सुबह स्कूल आने वाले बच्चों को परेशानी हो रही थी।

## कोर्ट कमिश्नर ने दाखिल की संभल जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद पर चल रहे मामले में बृहस्पतिवार को एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश कर दी। यह रिपोर्ट 40 पन्नों की है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इसे सील बंद लिफाफे में जमा किया गया है।

### जिला कोर्ट के निर्देश पर सर्वे

19 और 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया गया था। यह सर्वे संभल के चंदौसी जिला कोर्ट के निर्देश पर हुआ। एडवोकेट कमिश्नर ने बताया कि स्वास्थ्य कारणों से रिपोर्ट पेश करने में थोड़ा समय लगा।

## गोरखपुर में हुआ 20 हजार करोड़ रुपए का निवेश : सीएम योगी



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारें जहां विकास के आयामों, उद्योगों, कारखानों को बंद करने और उन्हें बेचने में लगी रहती थीं, वहीं भाजपा की डबल इंजन सरकार नव सृजन और नया निर्माण कर विकास का माहौल बनाने में जुटी हुई है। मिसाल के तौर पर गोरखपुर के बंद खाद कारखाने और पिपराइच की बंद चीनी मिल को देखा जा सकता है। पूर्व की सरकारों ने जहां इसे बंद कर दिया था और बेचने की तैयारी में थीं, वहीं डबल इंजन की सरकार ने इन्हें फिर से चला कर दिखा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार में नए साल में उत्तर प्रदेश नई गति से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा। यहां नौकरी और रोजगार के अवसर और तेजी से बढ़ेंगे और यहां के युवाओं को कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### समाज और देश की अमानत थे इंसेफेलाइटिस से मरने वाले बच्चे

सीएम योगी ने डबल इंजन सरकार में आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि एक समय समाजवादी पार्टी की सरकार में इंसेफेलाइटिस से बड़े पैमाने पर बच्चों की मौतें होती थीं। यह बच्चे समाज और देश की अमानत थे लेकिन जाति के नाम पर समाज को बांटने का पाप करने वालों ने इसके बारे में तनिक भी नहीं सोचा। इंसेफेलाइटिस से करने वाले 90 प्रतिशत बच्चे दलित और अल्पसंख्यक समाज के थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इंसेफलाइटिस की बीमारी को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है।

# पूरनपुर में एनआईए ने फिर डाला डेरा

- रिमांड पर लिया गया आतंकियों का मददगार, पूछताछ जारी

**पीलीभीत।** पीलीभीत के पूरनपुर में खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के आतंकियों को होटल में ठहराने वाले जसपाल सिंह सनी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को तीन दिन के लिए रिमांड पर लिया। उसे कड़ी सुरक्षा के साथ जेल से कोतवाली लाया गया। एनआईए और पंजाब पुलिस भी कोतवाली पूरे दिन डेरा जमाए रही। एनआईए, पंजाब पुलिस और पुलिस ने रिमांड पर लिए सनी से पूछताछ की। सनी को शनिवार को कोर्ट खुलने के समय तक किसी समय भी कोर्ट में दाखिल करना होगा।

### कोर्ट से मिला सनी का रिमांड



23 दिसंबर को आतंकियों के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद एनआईए, एटीएस, पुलिस ने उनके मददगारों की तलाश शुरू की थी। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी सनी का 28 दिसंबर को चालान किया गया। कोर्ट से उसे जेल भेज दिया गया। सनी को रिमांड पर लेने के लिए पुलिस ने कोर्ट में अर्जी दी। इस पर बुधवार को जिरह हुई। बृहस्पतिवार को कोर्ट से सनी का रिमांड पुलिस को मिल गया। बृहस्पतिवार दोपहर पीलीभीत जेल पहुंची। पुलिस ने सनी को 12.05 बजे दोपहर उसे जेल से रिमांड पर ले लिया। कड़ी सुरक्षा के बीच सनी को जेल से कोतवाली लाया गया। कोतवाल नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि सनी को रिमांड पर लाया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

## नंबर प्लेट के कारण बुरे फंसे दो दर्जन से अधिक लोग



**पटना।** पटना में चालान से बचने के लिए वाहन की नंबर प्लेट छिपाने का प्रयास करना 25 लोगों को महंगा पड़ गया। इन सभी के खिलाफ विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। इन पर BNS 2023 की धारा के तहत कार्रवाई हुई है, जिसमें तीन से सात साल तक की सजा का प्रावधान है। ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने इसकी पुष्टि की है।

### ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया वीडियो

पटना ट्रैफिक पुलिस ने कुछ युवकों से माफी मंगवाई और उनके माफी मांगने का वीडियो भी जारी किया। मनीष नामक युवक ने स्वीकार किया कि उसने चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट पर टेप चिपका दिया था। पुलिस ने उसे नोटिस भेजकर गाड़ी के डॉक्यूमेंट्स प्रस्तुत करने को कहा। भविष्य में ऐसी गलती न करने की हिदायत देकर उसे छोड़ा गया। **चालान से बचने के लिए उसने भी अपनी गाड़ी की नंबर प्लेट छिपा दी थी।**




# सेंसेक्स 1,436 अंक चढ़कर दो सप्ताह के उच्चस्तर पर

**एजेंसी । मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजार में गुरुवार को तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,436 अंक उछलकर दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गया। वित्तीय, वाहन और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। गुरुवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 1,506.75 करोड़ रुपये की खरीदारी की। सेंसेक्स 1,436.30 अंक की बढ़त के साथ 79,943.71 अंक पर बंद हुआ। यह एक महीने से अधिक समय में एक दिन की यह सबसे बड़ी तेजी है। कारोबार के दौरान, यह 1,525.46 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 445.75 अंक की बढ़त के साथ 24,188.65 अंक पर बंद हुआ। बजाज फिनसर्व में सर्वाधिक लगभग आठ प्रतिशत की तेजी रही जबकि बजाज फाइनेंस छह प्रतिशत से अधिक चढ़ा। इसके अलावा मारुति, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। सन फार्मा एकमात्र कंपनी रही, जिसमें गिरावट रही।



### तेजी की प्रमुख वजहें

- विदेशी वायदा बाजारों में तेजी
- तिमाही नतीजों को लेकर निवेशकों में उत्साह
- वाहन उद्योग की बेहतर बिक्री रिपोर्ट
- जीएसटी के उत्साहजनक नतीजे
- रुपया टूटने से आईटी सेक्टर बना आकर्षक

### बीएसई मिडकैप 0.89 प्रतिशत चढ़ा,

मझोली कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई मिडकैप 0.89 प्रतिशत चढ़ा जबकि स्मॉलकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को नये साल के मौके पर अवकाश के कारण बंद रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.09 प्रतिशत चढ़कर 75.47 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार में दो दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 8.52 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सेंसेक्स में गुरुवार को ही करीब दो प्रतिशत की तेजी रही।

## सेबी ने 21 करोड़ की अवैध कमाई जब्त की




**नई दिल्ली।** सेबी ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के इक्विटी डीलर सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों से जुड़ी एक 'फ्रंट-रनिंग' योजना का भंडाफोड़ किया है। इन लोगों ने इस योजना के जरिये 21.16 करोड़ रुपये का अवैध लाभ कमाया था। 'फ्रंट रनिंग' से आशय अग्रिम सूचना के आधार पर शेयर बाजार में लेन-देन करना और लाभ कमाना है। उस समय तक यह सूचना ग्राहकों को उपलब्ध नहीं होती। मामले से संबंधित इकाइयों द्वारा फ्रंट-रनिंग तीन साल से अधिक समय तक जारी रही। सेबी ने कहा कि डीआरपीएल, डब्ल्यूडीपीएल और प्रग्नेश सांघवी के खातों के जरिये फ्रंट रनिंग के 6,766 मामले सामने आए। सेबी ने इन इकाइयों पर अगले आदेश तक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से शेयरों की खरीद-फरोख्त पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# किसानों और मनरेगा मजदूरों को बजट 2025-26 में मिल सकता है तोहफा

- किसान सम्मान निधि बढ़कर 8,000 होने की संभावना

**एजेंसी । नई दिल्ली**



वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में केंद्र सरकार किसानों और मनरेगा मजदूरों के लिए बड़ी घोषणाएं कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, किसान सम्मान निधि की वार्षिक राशि 6,000 से बढ़ाकर 8,000 करने की संभावना है। इस कदम से ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता मांग को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

मनरेगा मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 267 से बढ़ाकर 375 प्रतिदिन करने की मांग भी जोर पकड़ रही है। यह प्रस्ताव औद्योगिक और श्रमिक संगठनों की ओर से दिया गया है। यदि इसे मंजूरी मिलती है, तो ग्रामीण श्रमिकों की आय और जीवन स्तर में सुधार होगा।

### वित्तीय और पूंजी क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ की चर्चा

गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी बजट पर चर्चा के लिए वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार से जुड़े प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों के साथ बैठक की। बजट से पूर्व यह वित्तमंत्री की सातवीं बैठक थी, जिसमें विशेषज्ञों ने वित्तीय और पूंजी बाजार को लेकर अपने सुझाव दिए। इस बैठक में केंद्रीय वित्त सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## थोक मूल्य सूचकांक संशोधन पर कार्यसमूह गठित




**एजेंसी । नई दिल्ली**

सरकार ने गुरुवार को कहा कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की गणना के आधार वर्ष को संशोधित कर 2022-23 करने के लिए नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद की अध्यक्षता में एक कार्यसमूह गठित किया गया है। मौजूदा समय में डब्ल्यूपीआई की गणना में वर्ष 2011-12 को आधार वर्ष माना जाता है। डब्ल्यूपीआई की गणना में आधार वर्ष की तुलना में कीमतों में वृद्धि का आकलन किया जाता है। ऐसे में आधार वर्ष को संशोधित करने से देश में मूल्य स्थिति की अधिक सामयिक एवं यथार्थवादी तस्वीर सामने आने की संभावना होती है।

## भारत-ईएफटीए समझौता 2025 में लागू होगा: गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के साल का अंत होने से पहले लागू होने की उम्मीद है। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते में भारत को समूह से 15 साल में 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मिली है।

## रुपए में गिरावट जारी, नौ पैसे फिसला

**एजेंसी । मुंबई**



स्थानीय शेयर बाजारों में जोरदार उछाल के बीच गुरुवार को आयातकों से डॉलर की मजबूत मांग आने और विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने से रुपया डॉलर के मुकाबले नौ पैसे गिरकर 85.73 (अस्थायी) पर बंद हुआ। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि 2024 में अधिकांश मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में तेजी रही थी और यह सिलसिला नए साल में भी जारी रहने की संभावना है। इसके अलावा विदेशी कोषों की लगातार निकासी भी कारोबारी धारणा को प्रभावित कर रही है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार निकासी से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है।

**न्यूज ब्रीफ**

### कमर में जकड़न के कारण आकाश दीप बाहर



एजेंसी । सिडनी

भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप कमर में जकड़न के कारण आखिरी टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उन्होंने ब्रिस्बेन और मेलबर्न में दो टेस्ट खेलकर पांच विकेट लिए हैं। वह बदकिस्मत रहे कि उनकी गेंदबाजी के दौरान दोनों मैचों में कैच छूटे। भारतीय कोच गौतम गंभीर ने यह जानकारी दी। आकाश की जगह हर्षित राणा या प्रसिद्ध कृष्णा खेल सकते हैं। आकाश ने दो टेस्ट में 87.5 ओवर फेंके और अधिक कार्यभार भी उनकी चोट का कारण हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई मैदानों पर तेज गेंदबाजों को घुटने, टखने और कमर के मसले आते हैं।



### लक्ष्य सिर्फ जीत पर : कमिंस

एजेंसी । सिडनी

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाने के बावजूद भारत के खिलाफ आखिरी मैच में उनकी टीम की ऊर्जा में कोई कमी नहीं आएगी। उन्होंने कहा, सीरीज में आगे होना अच्छा रहता है। आप हर टेस्ट मैच जीत के इरादे से ही खेलते हैं और यहां भी कुछ अलग नहीं है। पिछले तीन टेस्ट में टीम के प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं। हमने दिखा दिया कि हम जीत के प्रबल दावेदार हैं। इस सप्ताह भी हमारा लक्ष्य जीतना ही है। इसमें कोई शक नहीं कि कुछ मौकों पर हम और रन बनाना चाहते थे। मेलबर्न में पिछले टेस्ट में हमें 400-500 रन की बढ़त लेनी चाहिए थी। हम इतनी अच्छी स्थिति में थे। लेकिन यही टेस्ट क्रिकेट है।



### मार्श की जगह वेबस्टर खेलेंगे

एजेंसी । सिडनी

हरफनमौला ब्यू वेबस्टर को पांचवें टेस्ट में खराब फॉर्म से जूझ रहे मिचेल मार्श की जगह टीम में रखा गया है। वहीं मिचेल स्टार्क अंतिम टेस्ट खेलने के लिए पूरी तरह से फिट हैं। मार्श चार टेस्ट की सात पारियों में 73 रन ही बना सके हैं। उन्होंने अब तक महज 33 ओवर गेंदबाजी करके तीन विकेट लिए। कमिंस ने कहा, हमारी टीम में एक बदलाव है। मार्श की जगह ब्यू वेबस्टर खेलेंगे।

# भारत को हर हाल में जीतना होगा सिडनी टेस्ट

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बरकरार रखने और डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए हर हाल में सिडनी में चाहिए जीत

> 'वह अपने करियर पर फैसला लेंगे। लेकिन अगर रोहित संन्यास लेते हैं तो मुझे जरा भी हैरानी नहीं होगी क्योंकि उनकी उम्र बढ़ रही है, घट नहीं रही। टीम में शामिल होने के लिए कुछ अन्य युवा खिलाड़ी भी हैं जैसे गिल। और वह अभी टीम में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। वह बेंच पर बैठकर क्या कर रहे हैं। मुझे रोहित के संन्यास की घोषणा से हैरानी नहीं होगी। लेकिन यह उनका फैसला है।'
>
> –रवि शास्त्री

एजेंसी । सिडनी

रोहित शर्मा की जगह गुरुवार को जब अंतिम टेस्ट की पूर्व संध्या पर कोच गौतम गंभीर के प्रेस कांफ्रेंस में आने से ही लग रहा था कि सिडनी टेस्ट में कप्तान की जगह पक्की नहीं है। टीम इंडिया बड़े बदलाव के साथ उतरेगी। फिर जब गौतम से पत्रकारों ने पूछा कि शुक्रवार सुबह क्या रोहित टॉस के लिए आएंगे या नहीं। इस पर कोच ने कहा, हम पिच देखने के बाद अंतिम एकादश के बारे में फैसला लेंगे। इससे यह साफ हो गया कि रोहित अब गौतम की अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं हैं। ऐसे में अब यह सवाल उठाने लगे हैं कि क्या रोहित ने लाल गेंद के क्रिकेट में अपना अंतिम मुकाबला (मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में) खेल लिया। बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बरकरार रखने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल की धुंधली उम्मीदें कायम रखने के लिए हर हाल में सिडनी फतह करना होगा। इसके लिए भारतीय बल्लेबाजों को रन बनाने होंगे। खासकर विराट कोहली और ऋषभ पंत को।



**नंबर गेम**

- 31 रन रोहित ने सीरीज की पांच पारियों में 6.20 की औसत से बनाए
- 10 रन इस दौरान भारतीय कप्तान का सर्वोच्च स्कोर रहा

### बुमराह पर जिम्मेदारी

पर्थ में पहले दिन गिरे 17 विकेटों के साथ शुरू हुआ सीरीज का रोमांच अब चरम पर पहुंच चुका है। भारतीय टीम को जीत दिलाने का जिम्मा एक बार फिर बुमराह पर होगा जिन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट में गेंद से कमाल दिखाने के साथ ही अपनी कप्तानी से भी प्रभावित किया था। तब नियमित कप्तान रोहित शर्मा बेटे के जन्म के चलते ऑस्ट्रेलिया नहीं आए थे जबकि अब उन्हें विश्राम दिया गया है।

**आमने-सामने**

कुल मैच : 111
भारत जीता : 33
ऑस्ट्रेलिया जीता : 47
ड्रॉ : 30 , टाई : 1

### हर्षित या प्रसिद्ध को मिल सकता है मौका

तेज गेंदबाज आकाश दीप कमर की जकड़न के कारण नहीं खेल पाएंगे। कोच के पसंदीदा हर्षित राणा को मौका मिल सकता है। हालांकि वह निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं और दूसरे या तीसरे स्पैल में रफ्तार भी कम हो जाती है। ऐसे में प्रसिद्ध कृष्णा को भी मौका मिल सकता है।

### पंत की जगह खेल सकते हैं ध्रुव

ऐसी खबरें भी हैं कि गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर विकेट गंवाने वाले ऋषभ पंत पर भी गंभीर ने गुस्सा निकाला है। ऐसी अटकलें हैं कि सिडनी टेस्ट में पंत की जगह ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है। पंत को अगर बाहर किया जाता है तो 1984 के इंग्लैंड के भारत दौरे की याद ताजा हो जाएगी।

### 47 साल से सिडनी फतह का इंतजार

टीम इंडिया को 47 साल से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में जीत का इंतजार है। टीम ने 13 मैचों में यहां एकमात्र जीत जनवरी 1978 में बिशन सिंह बेदी की कप्तानी में पारी और दो रन से दर्ज की थी। उसके बाद जो दस मुकाबले खेले उसमें से चार हारे और छह ड्रॉ रहे हैं। टीम ने इस मैदान पर अपने पिछले तीनों मुकाबले ड्रॉ करवाए हैं। टीम ने यहां पांच मैच हारे, सात ड्रॉ खेले और एक जीता है।

### 14 साल से अजेय हैं कंगारू

कंगारू सिडनी में 14 साल से कोई मुकाबला नहीं हार हैं। उन्हें यहां पिछली हार जनवरी 2011 में इंग्लैंड के हाथों पारी और 83 रन से मिली थी। उसके बाद से ऑस्ट्रेलिया ने यहां 13 मैच खेले सात जीते और छह ड्रॉ रहे।

### रोहित पहले भारतीय कप्तान

रोहित को खराब प्रदर्शन की कीमत चुकानी पड़ी। अतिरिक्त उछाल और सीम मूवमेंट का सामना नहीं कर पाने के अलावा कप्तानी को लेकर भी उनकी आलोचना हो रही थी। वह खराब फॉर्म के कारण सीरीज के बीच में टीम से बाहर किए जाने वाले पहले कप्तान हैं। महेंद्र सिंह धौनी और अनिल कुंबले ने सीरीज के बीच में टेस्ट को अलविदा कहा था क्योंकि उनका शरीर लंबे फॉर्मेट (पांच दिन के क्रिकेट) में खेल पाने की इजाजत नहीं दे पार रहा था। रोहित के लिए यह सबसे खराब दौर है। खराब फॉर्म से बतौर कप्तान उनका कद घटा है।

# अर्जुन पुरस्कारों में पैरा खिलाड़ियों का दबदबा

- 7 पैरा खिलाड़ियों को इस साल अर्जुन पुरस्कार प्रदान करने के लिए चुना गया
- 80 वर्षीय पैरालंपिक स्वर्ण विजेता तैराक मुरलीकांत पेटकर को लाइफटाइम अर्जुन



एजेंसी । नई दिल्ली

इस साल के खेल पुरस्कार विजेताओं में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत, निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह, पुरुष हॉकी खिलाड़ी जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, संजय और अभिषेक शामिल हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस साल अर्जुन पुरस्कार विजेताओं में पैरालंपिक में सात स्वर्ण और नौ रजत जीतने वाले पैरा खिलाड़ियों का दबदबा रहा। कुल 17 पैरा खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इनमें भी दस पैरा एथलीटों को जगह दी गई है। इनके अलावा पैरा पुरस्कार विजेताओं में तीन शटलर, दो शूटर और एक तीरंदाज शामिल है। इनमें पैरालंपिक स्वर्ण विजेता धरमबीर (क्लब थ्रो), नवदीप सिंह (भालाफेंक) और नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) शामिल हैं। अर्जुन पुरस्कार विजेताओं की सूची में फर्राटा धाविका ज्योति याराजी, भाला फेंक खिलाड़ी अन्नु रानी, महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, विश्व चैंपियन मुक्केबाज नीतू गंघास और स्वीटी, तैराक साजन प्रकाश, ओलंपियाड शतरंज स्वर्ण पदक विजेता वंतिका अग्रवाल और स्क्वॉश खिलाड़ी अभय सिंह शामिल हैं।

## खेल पुरस्कार विजेताओं की सूची

- **मेजर ध्यानचंद खेल रत्न :**
  गुकेश डी (शतरंज)
  हरमनप्रीत सिंह (हॉकी)
  प्रवीण कुमार (पैरा-एथलेटिक्स)
  मनु भाकर (निशानेबाजी)
- **अर्जुन पुरस्कार :**
  ज्योति याराजी (एथलेटिक्स)
  अनु रानी (एथलेटिक्स)
  नीतू (मुक्केबाजी)
  स्वीटी (मुक्केबाजी)
  वंतिका अग्रवाल (शतरंज)
  सलीमा टेटे (हॉकी)
  अभिषेक (हॉकी)
  संजय (हॉकी)
  जरमनप्रीत सिंह (हॉकी)
  सुखजीत सिंह (हॉकी)
  राकेश कुमार (पैरा-तीरंदाजी)
  प्रीति पाल (पैरा-एथलेटिक्स)
  जीवांजी दीप्ति (पैरा-एथलेटिक्स)
  अजीत सिंह (पैरा-एथलेटिक्स)
  सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा-एथलेटिक्स)
  धरमबीर (पैरा-एथलेटिक्स)
  प्रणव सूरमा (पैरा-एथलेटिक्स)
  एच होकाटो सेमा (पैरा-एथलेटिक्स)
  सिमरन (पैरा-एथलेटिक्स)
  नवदीप (पैरा-एथलेटिक्स)
  नितेश कुमार (पैरा-बैडमिंटन)
  तुलसिमति मुरुगेसन (पैरा-एथलेटिक्स)
  नित्या श्रे सुमति सिवन (पैरा-बैडमिंटन)
  मनीषा रामदास (पैरा-बैडमिंटन)
  कपिल परमार (पैरा-जूडो)
  मोना अग्रवाल (पैरा-निशानेबाजी)
  रूबीना फ्रांसिस (पैरा-निशानेबाजी)
  स्वप्निल सुरेश कुसाले (निशानेबाजी)
  सरबजोत सिंह (निशानेबाजी)
  अभय सिंह (स्क्वॉश)
  साजन प्रकाश (तैराकी)
  अमन सहरावत (कुश्ती)।
- **अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) :**
  सुच्चा सिंह (एथलेटिक्स)
  मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा-तैराकी)
- **द्रोणाचार्य पुरस्कार :**
  सुभाष राणा (पैरा-निशानेबाजी)
  दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी)
  संदीप सांगवान (हॉकी)
- **द्रोणाचार्य पुरस्कार (लाइफटाइम) :**
  एस मुरलीधरन (बैडमिंटन)
  अरमांडो एग्नेलो कोलाको (फुटबॉल)

### 52 साल के बाद लाइफटाइम पुरस्कार

लाइफटाइम अर्जुन पुरस्कार पाने वालों में भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता 80 साल के मुरलीकांत पेटकर शामिल हैं जिन्हें 1972 पैरालंपिक में 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में पीला तमगा मिला था। भारत-पाकिस्तान युद्ध 1965 में गोलियां लगने से विकलांग हुए पेटकर पर हाल ही में फिल्म 'चंदू चैंपियन बनी है।

### पांच दिग्गज द्रोणाचार्य बने

द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले की कोच दीपाली देशपांडे का नाम भी है। इसी पुरस्कार की लाइफटाइम श्रेणी में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मैनेजर अर्मांडो कोलासो और बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन शामिल हैं।

# बीपीएल में भाग ले रहे खिलाड़ियों को भुगतान मिल जाएगा

एजेंसी । ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारूक अहमद ने आश्वस्त किया है कि बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में भाग ले रहे खिलाड़ियों को उनका भुगतान मिल जाएगा। खबरें है कि सात टीमों की 30 दिसंबर से शुरू हुई प्रतियोगिता में कई फ्रेंचाइजी ने




खिलाड़ियों को उनकी पहली किस्त का भुगतान समय पर नहीं किया है जबकि फ्रेंचाइजी को टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले खिलाड़ियों के भुगतान का आधा, टूर्नामेंट के दौरान 25 प्रतिशत और टूर्नामेंट समाप्त होने के बाद शेष राशि का भुगतान करना था। नियम अनुसार, बोर्ड फ्रेंचाइजी से बैंक गारंटी रखता है ताकि सुनिश्चित हो सके कि फ्रेंचाइजी के भुगतान न किए जाने की स्थिति में खिलाड़ियों को बीसीबी द्वारा भुगतान किया जाए।

# ड्रेसिंग रूम की बात वहीं रहनी चाहिए : गंभीर

एजेंसी । सिडनी

टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम की बहस सार्वजनिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अपने खिलाड़ियों से ईमानदारी से बातचीत की क्योंकि प्रदर्शन ही उन्हें टीम में बनाए रख सकता है। उन्होंने इन सवालों को भी दरकिनार किया कि खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित को पांचवें और आखिरी टेस्ट के लिए अंतिम



एकादश में जगह मिलेगी या नहीं। ड्रेसिंग रूम में तनाव की रिपोर्ट के बीच गंभीर ने कहा कि वे सिर्फ रिपोर्ट हैं, सच नहीं। उन्होंने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैं इतना ही कह सकता हूं कि ईमानदारी से बात हुई। बड़ी चीजें हासिल करने के लिए ईमानदारी बहुत महत्वपूर्ण है। जब तक ईमानदार लोग ड्रेसिंग रूम में हैं, भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है। किसी भी बदलाव के दौर में ईमानदारी सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसा नहीं है कि सीनियरों को बाहर करके नए खिलाड़ियों को लाया जा रहा है। आखिर में आपको ड्रेसिंग रूम में सिर्फ आपका प्रदर्शन बनाए रखेगा।

अगर गूढ अर्थ निकाला जाए तो लगता है कि मोहम्मद शमी के भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दिन पूरे हो गए हैं। वह रिहैबिलिटेशन में रहने के बावजूद मौजूदा सीरीज के लिए पूरी तरह फिट नहीं हो सके। गंभीर ने कहा, पहले जब बदलाव होता था तो एक विभाग टीम को आगे ले जाता था लेकिन अब बदलाव बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में हो रहा है।




# 'पुष्पा 2' की श्रीलीला चलीं बॉलीवुड

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' जब से रिलीज हुई है, यह बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म में जहां अल्लू की तारीफ हुई, वहीं श्रीलीला की एंट्री ने भी दर्शकों की धड़कनें बढ़ा दीं। इस फिल्म के आइटम नंबर 'किसिक' में श्रीलीला ने अपने डांस से लोगों को अपना दीवाना बना दिया है। उनकी खूबसूरती का हर कोई मुरीद हो गया है। श्रीलीला की बढ़ती लोकप्रियता देख अब उन्हें बॉलीवुड से फिल्म का प्रस्ताव आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीलीला को धर्मा प्रोडक्शंस की नई फिल्म का प्रस्ताव आया है। फिल्म का नाम है 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी।' यह वही फिल्म है, जिसके हीरो कार्तिक आर्यन हैं। खबर है कि इस फिल्म के लिए करण जौहर ने श्रीलीला से संपर्क किया है। बातचीत का सिलसिला जारी है। श्रीलीला ने फिल्म में दिलचस्पी दिखाई है और जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है। कार्तिक ने इसी साल दिसंबर के अंत में अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का ऐलान किया था। क्रिसमस के मौके पर उन्होंने इस फिल्म का टीजर रिलीज किया था। साल 2026 में उनकी यह फिल्म रिलीज होगी।

# 'मेरे हसबैंड की बीवी' का ऐलान

पिछली बार अर्जुन कपूर फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। वह इसमें अजय देवगन से भिड़ते हुए दिखाई दिए। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। 'सिंघम अगेन' के बाद अब अर्जुन की नई फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम 'मेरे हसबैंड की बीवी' है। इस फिल्म में भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह भी नजर आएंगे। तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक बेताब हैं।



'मेरे हसबैंड की बीवी' की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है, जिन्हें 'पति पत्नी और वो', 'हैप्पी भाग जाएगी' और 'खेल खेल में' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। वाशु भगनानी और जैकी भगनानी इस फिल्म के निर्माता हैं। 'मेरे हसबैंड की बीवी' की कहानी प्रेम त्रिकोण पर आधारित होगी।

# राम चरण की गेम चेंजर का ट्रेलर हुआ रिलीज

राम चरण और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म गेम चेंजर तेलुगु सिनेमा की इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। फिल्म संक्रांति के मौके पर 10 जनवरी, 2025 को रिलीज होने वाली है। फैंस काफी समय से इसके ट्रेलर के इंतजार में थे। वहीं अब फिल्म रिलीज से 8 दिन पहले इसका ट्रेलर लॉन्च किया गया है। दो घंटे 40 मिनट लंबे इस टीजर में राम चरण का जबरदस्त रोल देखने को मिला। ट्रेलर गुरुवार को हैदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में लॉन्च किया गया, जिसमें एसएस राजामौली भी मौजूद थे। इस फिल्म के जरिए शंकर तेलुगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं।



### क्या होगी फिल्म की कहानी?

फिल्म में रामचरण बाप-बेटा दोनों किरदार निभाते नजर आएंगे। जहां एक न्याय के लिए लड़ता है वहीं उनका दूसरा किरदार एक आईएएस अधिकारी है जो राजनीतिक व्यवस्था से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए तैयार है। इस फिल्म में राम चरण के मल्टीपल किरदार देखने को मिलेंगे। कभी एक छात्र के रोल में, कभी एक पुलिस ऑफिसर के रोल में तो कभी लुंगी पहने हुए किसी गांव के लड़के के रोल में। उनकी मां का किरदार अंजलि ने निभाया है जबकि कियारा फिल्म में उनकी प्रेमिका के रोल में नजर आएंगी। राम चरण एसजे सूर्या नाम के एक भ्रष्ट मुख्यमंत्री का पर्दाफाश करते दिखाई देंगे।

### 3 साल बाद वापसी कर रहे राम चरण

RRR के बाद राम चरण को दोबारा से पर्दे पर देखना बहुत ही दिलचस्प होने वाला है। आरआरआर साल 2022 में आई थी। इस फिल्म में उनके साथ जूनियर एनटीआर भी नजर आए थे। बता दें कि गेम चेंजर की शूटिंग साल 2021 में शुरू हो गई थी लेकिन इसकी शूटिंग को खत्म होने में काफी समय लगा और फिल्म आखिरकार 2024 में पूरी हुई। फिल्म की कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है और साईं माधव बुर्रा ने इसके डायलॉग्स लिखे हैं।

### कौन-कौन से कलाकार आएंगे नजर

फिल्म के अन्य कलाकारों की बात करें तो इसमें रामचरण और कियारा के अलावा अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत, समुथिरकानी, सुनील, नवीन चंद्रा भी नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स, दिल राजू प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज के बैनर तले दिल राजू और सिरीश ने किया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### चमकता वीनस और क्रिसेंट मून आसमान में बनाएंगे जोड़ी

**नई दिल्ली।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए शुक्रवार, 03 जनवरी का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दिन शाम को पश्चिमी आकाश में सूर्य के अस्त होने के तुरंत बाद हंसियाकार चंद्रमा और चमकती बिंदी के रूप में दिखता शुक्र जोड़ी सी बनाते दिखेंगे। इस घटना को बिना किसी टेलिस्कोप के खाली आंखों से भी देखा जा सकेगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त सारिका घारू ने गुरुवार को इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम वीनस और मून आपस में सिमटे से दो डिग्री से कम के अंतर पर होंगे। इस नजदीकियों को टेक्नीकल रूप से एपल्स कहा जाता है। उन्होंने बताया कि यह खगोलीय जोड़ी क्षितिज से कुछ ऊंचाई पर दिखने के बाद धीरे-धीरे नीचे आते जाएगी। उन्होंने बताया कि इस जोड़ी को सूर्यास्त के बाद तीन घंटे से कुछ अधिक समय तक देखा जा सकेगा।

### उत्तरी सिक्किम के संगकलांग में बेली ब्रिज का उद्घाटन

**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम के संगकलांग इलाके में गुरुवार को बेली ब्रिज का उद्घाटन किया गया। इसके बनने से सुरम्य मंगन जिले में वाहनों की आवाजाही आसान हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24 टन की भार क्षमता और 180 फीट की लंबाई वाले इस पुल का निर्माण त्रिशक्ति सैपर्स ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के सहयोग से किया है। 25 दिसंबर को निर्माण कार्य शुरू होने के बाद रिकॉर्ड छह दिनों के भीतर इसका निर्माण किया गया। गुरुवार को इसे आम लोगों के इस्तेमाल के लिए खोल दिया गया।

### जामनगर के तटीय और समुद्री पक्षियों की गणना कल से होगी

**जामनगर/अहमदाबाद।** तटीय और समुद्री पक्षियों का स्वर्ग कहलाने वाले जामनगर के समुद्री राष्ट्रीय उद्यान अभयारण्य में 3 से 5 जनवरी तक तटीय और समुद्री पक्षी की पहली जनगणना होगी। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन वन एवं वन्य जीव क्षेत्र के प्रख्यात विशेषज्ञ अपनी जानकारी देंगे। दूसरे दिन पक्षी गणना होगी। तीसरे दिन ज्ञान साझाकरण एवं कार्यक्रम का समापन होगा। इस कार्यक्रम में गुजरात सहित कई राज्यों के पक्षी प्रेमी, विशेषज्ञ और शोधकर्ता शामिल होंगे।

### श्रीलंका को इस वर्ष अमेरिका से मिलेंगे आठ बेल-206 हेलीकॉप्टर

**कोलंबो।** श्रीलंका को इस वर्ष संयुक्त राज्य अमेरिका से आठ बेल 206 हेलीकॉप्टर और पाकिस्तान से एक एफटी-7 ट्रेनर विमान मिल जाएगा। इससे देश की वायु सेना का हवाई बेड़ा सुदृढ़ होगा। श्रीलंकाई वायु सेना के कमांडर एयर मार्शल उडेनी राजपक्षे ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अमेरिका से 2025 की पहली तिमाही में आठ टीएच-57 सी रेंजर बेल-206 हेलीकॉप्टर श्रीलंका को मिल जाएंगे। इनका प्रयोग मुख्य रूप से अमेरिकी नौसेना और मरीन कॉर्प्स प्रशिक्षण और परिचालन मिशन में किया जाता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की यात्रा के दौरान एक एफटी-7 ट्रेनर विमान पर चर्चा हुई थी। पाकिस्तान से जल्द ही यह विमान मिल जाएगा।

# सीआईएसएफ की पहल से आत्महत्याओं में 40% की कमी

- 2024 में 15 सुरक्षाबलों ने की आत्महत्या
- राष्ट्रीय औसत से नीचे पहुंचा मृत्यु दर




**पहल**

एजेंसी | नई दिल्ली

सीआईएसएफ में कार्यरत जवानों द्वारा विभिन्न मामलों को लेकर किए जाने वाले आत्महत्या के मामलों में 40 फीसदी से भी अधिक की कमी आई है। 2024 में बल में पांच सालों में सबसे कम 15 जवानों ने सुसाइड किया। सीआईएसएफ का दावा है कि यह कमी उनके द्वारा जवानों को खुश रखने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए किए जा कई तरह के प्रयासों से आ पाई है। जिसका परिणाम यह सामने आ रहा है कि पिछले साल सीआईएसएफ में पांच सालों में सबसे कम सुसाइड के मामले सामने आए। जो की एनसीआरबी के 2022 में जारी नेशनल सुसाइड रेट 12.4 प्रति लाख से कम होकर 9.87 प्रति लाख रह गई है।

### 'पांच सालों में 730 जवानों ने आत्महत्या की'

सीआईएसएफ के डीआईजी दीपक वर्मा ने बताया कि वैसे, एनएसजी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) में पिछले पांच सालों में 730 जवानों ने आत्महत्या की। इनमें सीआईएसएफ ने अपने बल के जवानों द्वारा किसी भी सूरत में आत्महत्या के मामलों को रोकने के लिए कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें सभी यूनिट के कमांडिंग अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि वह अपने जवानों को जानें और अपने जवानों की सुनें योजना के तहत अपने जवानों से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं को सुने और उनका समाधान करें।

### क्या कहते हैं आंकड़े?



सीआईएसएफ से मिले आंकड़ों पर गौर किया जाए तो पांच सालों में बल में सबसे अधिक 2022 में 26 सुसाइड सामने आए थे। जो की बल के हिसाब से 18.12 प्रति लाख रहा था। जो अब घटकर 9.87 प्रति लाख रह गया है। बल में जवानों द्वारा की गई आत्महत्या के मामलों की एम्स से स्टडी कराई गई थी। उसमें जवानों द्वारा आत्महत्या करने के मुख्य कारणों में लंबे समय तक परिवार से दूर रहते हुए अकेलापन, न्यूक्लियर फैमिली की वजह से परिवार का सपोर्ट ना मिलना, दुखी करने वाली खबरों का स्मार्ट फोन पर जल्दी से ट्रांसमिशन होना, आर्थिक स्थिति खराब होना, अपनी भावनाओं को व्यक्त ना कर पाना, एचआईवी, कैंसर और स्किन जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने जैसे बड़े कारण रहे। कई बार बल में तैनाती और कार्य से संबंधित दबाव की वजह से भी ऐसे मामले सामने आए।

**सीआईएसएफ में आत्महत्या के मामले**

| साल | आत्महत्या |
|---|---|
| 2020 | 18 |
| 2021 | 21 |
| 2022 | 26 |
| 2023 | 25 |
| 2024 | 15 |

### कैसे कम हुए सुसाइड केस?

तनाव कम करने के लिए योग में ट्रेंड किए गए 650 ट्रेनरों द्वारा हर यूनिट में योग क्लास शुरू करना। खेलकूद की प्रतियोगिताएं कराना, अगर किसी जवान को छुट्टी और काम के दबाव से संबंधित कुछ समस्या है तो उसका समाधान करने समेत उनकी पोस्टिंग से जुड़ी तमाम समस्याओं का हर संभव निपटारा करना। छुट्टियों और कार्य के दबाव प्रोजेक्ट मन के तहत जवानों से 24 घंटे सातों दिन टेली परामर्श देना। जिसमें सितंबर 2024 तक 4200 जवानों ने इसका लाभ उठाया। पोस्टिंग को लेकर जवानों को उनकी पसंद की पोस्टिंग देने वाली योजना शुरू करना।

# चीन सीमा पर आएगी डिजिटल क्रांति

- 5 महीनों के भीतर लगाए गए 42 मोबाइल टावर

एजेंसी | नई दिल्ली



भारतीय सेना ने चीन सीमा पर लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों और दूरदराज के गांवों को 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी मिलने लगी है, जिससे अब सुदूर क्षेत्र के लोगों को भी डिजिटल क्रांति से जुड़ने का मौका मिलेगा। शून्य से नीचे के तापमान वाले इन इलाकों में कठोर मौसम से लड़ते हुए 5 महीनों के भीतर 42 मोबाइल टावर लगाए गए हैं, जो कारगिल, सियाचिन, डेमचोक, डीबीओ और गलवान के दूरदराज के इलाकों को कवर करते हैं।

### कारगिल, सियाचिन, डेमचोक, डीबीओ और गलवान के दूरदराज के इलाके में हुई इंटरनेट कनेक्टिविटी

चीन के सीमावर्ती इलाकों के गांव पिछले साल 24 जून तक 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी से वंचित थे। इससे स्थानीय समुदाय देश में डिजिटल क्रांति से जुड़ने से वंचित रह गए थे। इसके बाद भारती एयरटेल के साथ मिलकर भारतीय सेना ने भारत के इन गांवों में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया। इस पहल से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और ऑनलाइन शिक्षा, दूरस्थ गांवों तक स्वास्थ्य सेवा में सुधार किया जा सकेगा। इसके अलावा मौजूदा डिजिटल क्रांति के जरिए सरकारी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देकर स्थानीय समुदाय की मदद की जाएगी। सेना की फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स ने सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को सक्रिय रूप से शामिल किया और इन दूरदराज के इलाकों में मोबाइल टावर लगाने में उनकी सहायता की। शून्य से नीचे के तापमान सहित कठोर मौसम से लड़ते हुए 5 महीनों में कुल 42 एयरटेल 4G मोबाइल टावर लगाए गए हैं, जो कारगिल, सियाचिन, डेमचोक, डीबीओ और गलवान के दूरदराज के इलाकों को कवर करते हैं। इससे लद्दाख में आम लोगों के साथ-साथ सैनिकों को भी बहुत ज़रूरी कनेक्टिविटी मिलने लगी है। भारतीय सेना 2047 तक विकसित भारत के हमारे राष्ट्रीय दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए सुदूर क्षेत्रों में स्थित प्रथम गांवों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दिल्ली में जाम और प्रदूषण कम करने के लिए 13700 करोड़ आवंटित

एजेंसी | नई दिल्ली

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को दिल्ली में ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से निपटने के लिए 12,500 करोड़ रुपये के नए प्रोजेक्ट की घोषणा की है। इसके अलावा दिल्ली को सीआरएफ मद में 1200 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। नितिन गडकरी ने कहा कि बाहर से दिल्ली आने वाले निजी एवं व्यवसायिक वाहन ट्रैफिक दबाव और जाम का प्रमुख कारण हैं। लंबी दूरी के ऐसे वाहनों को दिल्ली में प्रवेश किए बगैर अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए नए राजमार्ग व बाईपास-रिंग रोड बनाने की जरूरत है। ट्रैफिक दबाव और जाम कम होने से वायु प्रदूषण की समस्या में कमी आएगी।

### नए राजमार्ग और बाईपास-रिंग रोड बनेंगे, चारों ओर कनेक्टिविटी बढ़ेगी



### भाजपा नेताओं ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को दिए महत्वपूर्ण सुझाव

केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा सहित दिल्ली के सांसद प्रवीण खंडेलवाल, रामवीर बिधूड़ी, बांसुरी स्वराज, मनोज तिवारी और योगेंद्र चंदोलिया ने गुरुवार सुबह गडकरी से उनके आवास पर भेंट कर दिल्ली की यातायात और प्रदूषण की समस्या का समाधान निकालने के लिए चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव दिए हैं। इस पर सड़क परिवहन मंत्री ने मंजूरी दे दी है।

# कर्नाटक में नए साल पर बस किराए में होगी बढ़ोतरी

- पांच जनवरी से 15 फीसदी बढ़ाया जाएगा किराया

एजेंसी | बंगलुरु



कर्नाटक में सीएम सिद्धारमैया की अध्यक्षता में कर्नाटक मंत्रिमंडल की तरफ से बसों के किराए में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, राज्य में बसों के किराए में 15 फीसदी की बढोतरी की गई है और ये नए बस किराए पांच जनवरी के लागू होंगे। मामले में कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने कहा कि ईंधन की कीमतों और कर्मचारियों पर खर्च में बढ़ोतरी जैसे परिचालन लागत में भारी बढ़ोतरी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

मंत्री पाटिल ने पत्रकारों को बताया, 'मंत्रिमंडल ने कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी), उत्तर पश्चिम कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (एनडब्ल्यूकेआरटीसी), कल्याण कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (केकेआरटीसी) और बैंगलोर महानगर परिवहन निगम (बीएमटीसी) के चार राज्य परिवहन निगमों के बस किराए में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है।'

# कोर्ट ने चुनाव आयोग-डीएम से मांगा जवाब

एजेंसी | नई दिल्ली




सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर भारत के चुनाव आयोग और गौतम बुद्ध नगर के जिला मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें चुनाव याचिका में पक्षकार के रूप में हटाने की अनुमति दी गई थी। मामले में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ गीता रानी शर्मा नाम की एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर निर्वाचन क्षेत्र के लिए 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान उनके नामांकन पत्रों को गलत तरीके से खारिज कर दिया गया था।

नोटिस जारी करते हुए, सीजेआई ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कम से कम याचिका से जिला मजिस्ट्रेट को पक्षकार के रूप में हटाकर गलत किया। अदालत ने कहा, आरोपों के अनुसार, नामांकन पत्र गलत तरीके से खारिज कर दिया गया था। जीतने वाला उम्मीदवार उक्त दावों का जवाब देने में सक्षम नहीं होगा। उच्च न्यायालय ने कम से कम जिला मजिस्ट्रेट को पार्टियों से हटाकर गलत किया था।

### 24 मार्च से शुरू होने वाले हफ्ते में होगी सुनवाई

जानकारी के मुताबिक, याचिका पर 24 मार्च से शुरू होने वाले हफ्ते में सुनवाई होगी। चुनाव पैनल और जिला मजिस्ट्रेट के अलावा, जीतने वाले भाजपा उम्मीदवार महेश शर्मा और अन्य संभावित भीम प्रकाश जियासू और किशोर सिंह को याचिका में पक्ष बनाया गया है।

# मुख्तार अंसारी की मौत से जुड़ी मेडिकल रिपोर्ट उनके बेटे को दी जाए: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार को गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की जेल में मौत से जुड़ी मेडिकल, मजिस्ट्रेट और न्यायिक जांच से जुड़ी सभी रिपोर्ट उनके बेटे को मुहैया कराने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने रिपोर्ट देने के लिए यूपी सरकार को दो सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस हृषिकेश रॉय और एस वी एन भट्टी की पीठ ने दिवंगत मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की ओर से दाखिल याचिका पर विचार करते हुए यह आदेश दिया है। याचिकाकर्ता उमर अंसारी ने याचिका में आरोप लगाया है कि उनके पिता की मौत उत्तर प्रदेश की जेल में जहरीला भोजन और समय से इलाज नहीं दिए जाने के कारण हुई थी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ को बताया कि उनके मुवक्किल को उसके पिता की मौत से संबंधित चिकित्सा और न्यायिक जांच रिपोर्ट राज्य सरकार द्वारा अब तक नहीं दी गई है। इसके बाद पीठ ने यह आदेश दिया। इस पर यूपी सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता उमर अंसारी को सभी रिपोर्ट मुहैया कराए जाएंगे।

# अमेरिका में हुए आंतकी हमले की पीएम मोदी ने की निंदा



एजेंसी | नई दिल्ली

नए साल के पहले दिन अमेरिका में आतंकी घटना की खबर सामने आई। दरअसल, न्यू ऑरलियन्स में नए साल का जश्न मनाने के लिए जुटी भीड़ पर एक ड्राइवर ने अपना पिकअप ट्रक चढ़ा दिया और उन पर गोलीबारी भी की। इस घटना में 13 लोगों की मौत हो गई है और 35 से अधिक लोगों घायल हो गए। हमले की जांच संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) ने तुरंत शुरू कर दी। अमेरिका में हुए इस आतंकी हमले पर पीएम मोदी की प्रतिक्रिया सामने आई है। पीएम मोदी ने अमेरिका में हुए इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा,' हम न्यू ऑरलियन्स में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। ईश्वर करे कि उन्हें इस त्रासदी से उबरने में शक्ति और सांत्वना मिले।'

# मेट्रो और ई-बस योजना के विकास में आएगी तेजी

- पीएम मोदी ने अधिकारियों को दिए खास निर्देश

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहरी जीवन में सुधार के लिए अफसरों को निर्देश दिया है कि योजनाओं को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप ढालें और राज्यों के साथ मिलकर उन्हें यथाशीघ्र अमल में उतारें। पीएम ने खास तौर पर शहरी परिवहन, आवास और बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े कार्यक्रम अमृत को शहरी विकास की धुरी बताते हुए इनकी प्रगति का ब्योरा जानना चाहा है।



आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा बैठक में पीएम ने कई निर्देश दिए, जिनमें शहरों में आवासीय सोसाइटियों में रहने वाले मध्य वर्ग की समस्याओं पर ध्यान देना सबसे अहम है। इसके तहत अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को पीएम सूर्यघर योजना का लाभ देने के बारे में भी चर्चा की गई। यह योजना सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए है और इसके तहत छतों पर सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी दी जाती है।

### सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास की रफ्तार भी तेज करने के निर्देश

पीएम के निर्देशों और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए गत दिवस आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और मंत्रालय में राज्य मंत्री तोखन साहू ने सचिव, संयुक्त सचिव और सभी मिशन डायरेक्टरों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। अफसरों को सभी राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में प्रत्येक कार्यक्रम की गहन समीक्षा के लिए कहा गया है, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन की समग्र तस्वीर सुधारी जा सके। पीएम ने सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास की रफ्तार भी तेज करने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने बताया कि पीएम ने ई बस सेवा के साथ ही मेट्रो योजनाओं की धीमी रफ्तार पर भी चिंता व्यक्त की। उनका कहना था कि अधिकारी शहरी जीवन की जमीनी वास्तविकताओं से परिचित हैं, इसलिए शहरों में भीड़भाड़ करने के लिए सार्वजनिक परिवहन की किसी भी योजना में रफ्तार धीमी नहीं होनी चाहिए।

# प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली को आज देंगे 4500 करोड़ की विकास योजनाओं का तोहफा

एजेंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली को 4500 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का तोहफा देंगे। इनमें प्रधानमंत्री वजीरपुर में झुग्गी वासियों के लिए निर्मित 1645 फ्लैटों की चाबी भी गृह स्वामियों को सौंपेंगे।

गुरुवार को प्रेस वार्ता में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में झुग्गी वासियों के दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से वजीरपुर में बनाए गए 1645 स्वाभिमान फ्लैट की चाबी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अशोक विहार के वासियों को सौंपेंगे। डीडीए के ये फ्लैट जहां झुग्गी, वहीं मकान योजना के तहत बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीयू लॉ फैकल्टी के ईस्ट कैंपस का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा पश्चिमी दिल्ली में कैंपस ऑफ यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली द्वारका में एक शिलान्यास करेंगे और दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक कैम्पस का रोशनपुरा नजफगढ़ का भी शिलान्यास करेंगे।